


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 304

ग्वालियर, रविवार 24 जुलाई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




# हाथरस में तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने कांवड़ियों को कुचला, 6 की मौत

### हरिद्वार से गंगाजल लेकर जा रहे थे ग्वालियर





**हाथरस।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक सड़क हादसे में आधा दर्जन कांवड़ियों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक यहां एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने कांवड़ियों को कुचल दिया। इस दुर्घटना में 6 कांवड़ियों की दर्दनाक मौत हो गई है। कांवड़िए हरिद्वार से गंगाजल लेकर ग?वालियर जा रहे थे। घटना में 2 लोग गंभीर रूप से घायल थे। बताया जा रहा है कि 5 लोगों की मौत घटनास?थल पर ही हो गई थी। एक ने अस?पताल में दम तोड़ा। एक घायल का आगरा में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि ये कांवड़िए हरिद्वार से गंगाजल लेकर मध?य प्रदेश के ग?वालियर जा रहे थे।

हाथरस के सादाबाद थाना क्षेत्र के हाथरस-आगरा मार्ग पर बढ़ार चौराहे के पास यह दुर्घटना हुई। शुक्रवार और शनिवार की रात करीब ढाई बजे एक बेकाबू तेज रफ्तार डंपर ने कांवड़ियों के जत?थे को रौंद दिया। इस हादसे में 5 कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन?य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन?हें इलाज के लिए सबसे पहले नजदीक के अस?पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद आगरा मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि? घायलों में से भी एक की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार कांवड़ियों का ये जत?था ग्वालियर के थाना उटीला के अंतर्गत आने वाले गांव बागी खुर्द से हरिद्वार गया था। वहां गंगाजल लेकर जत?था वापस ग?वालियर लौट रहा था। हादसे की सूचना पर हाथरस के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर एडीजी आगरा राजीव कृष्ण व डीआईजी अलीगढ़ सहित एसपी विकास कुमार वैदय मौके पर पहुंचे। घायलों को बचाने के लिए तत?काल राहत कार्य शुरू किया गया। मृतकों के परिवारीजनों को सूचना दी जा रही है। पांच कांवड़िए 28 वर्षीय जबर सिंह पुत्र सुलतान सिंह, 30 वर्षीय रणवीर पुत्र अमर सिंह, 30 वर्षीय मनोज पाल पुत्र मोहन सिंह, 30 वर्षीय रमेश पाल पुत्र नाथूराम और नरेश पाल पुत्र रामनाथ की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि विकास पुत्र प्रभु दयाल और अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान विकास ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एडीजी आगरा का कहना है कि जल्द ही डंपर ड्राइव को पकड़ लिया जाएगा।

### हाथरस दुर्घटना में मरने वाले कांवड़ियों की लिस्ट

1-मृतक जबर सिंह, उम्र 28 साल, 2-रनवीर सिंह, उम्र 30 साल, 3-मनोज पाल सिंह, उम्र 30 साल, 4-रमेश पाल, उम्र 30 साल, 5-नरेश पाल , उम्र 45 साल। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदत्यनाथ ने भी जनपद हाथरस में सड़क हादसे में हुई लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट किया है। सीएम ने दिवंगतों की आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सीएम योगी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

### मध्य प्रदेश के सीएम शिवराज ने भी जताया शोक

एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कांवड़ियों की मृत्यु को लेकर गहरा शोक व्यक्त किया है। सीएम शिवराज ने कहा, उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई सड़क दुर्घटना में ग्वालियर के कांवड़ियों के निधन का हृदय विदारक समाचार प्राप्त हुआ। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं। विनम्र श्रद्धांजलि।

# ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी: हिंदू-मुसलमान सभी चाहते कायम रहे काशी की गंगा-जमुनी तहजीब



**वाराणसी।** ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत कुलपति तिवारी ने कहा है कि कुछ लोग जानबूझकर सिर्फ लोकप्रियता पाने के लिए ज्ञानवापी मुद्दे को लेकर यहां से लेकर दिल्ली तक दौड़ रहे हैं। तिवारी ने कहा कि जब जिला स्तर पर मामला अदालत में चल ही रहा है तब यहां की अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए।

शीर्ष कोर्ट ने ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में कहा कि वह हिन्दू श्रद्धालुओं की ओर से दायर दीवानी मुकदमे की स्वीकार्यता के सिलसिले में ज्ञानवापी मस्जिद समिति की आपत्तियों पर वाराणसी जिला न्यायाधीश के निर्णय का इंतजार करेगा। शीर्ष अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर हिन्दू श्रद्धालुओं की ओर से दायर दीवानी मुकदमे को 20 मई को सीनियर सिविल जज के पास से वाराणसी के जिला न्यायाधीश को स्थानांतरित किया था। इस मामले पर जनमानस से लेकर धर्मगुरुओं की अलग-अलग राय सामने आई है, हालांकि हिंदू-मुसलमान सभी चाहते हैं कि काशी की गंगा-जमुनी तहजीब कायम रहे। अंजुमन इंतजामिया कमेटी के सचिव मोहम्मद यासीन ने कहा, हम जिला अदालत के फैसले का इंतजार कर रहे हैं और यदि फैसला हमारे पक्ष में नहीं आता तब हम उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। काशी के आम जनमानस ने भी स्थानीय अदालत में ही सुनवाई और फैसले को प्राथमिकता दी है। स्थानीय निवासी ने कहा कि स्थानीय अदालत में मामले के निपटारे पर जोर देकर कहा, यह मामला बनारस के हिन्दू-मुस्लिम भाइयों के बीच का है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर मुद्दा बनाने की जरूरत नहीं है। बाबा बटुक भैरव के महंत विजय पुरी ने कहा, बाबा विश्वनाथ ज्ञानवापी में स्वयं प्रकट हुए हैं, इसलिए हिंदुओं के लिए उस स्थान विशेष का महत्व है। उन्होंने कहा, काशी गंगा-जमुनी तहजीब को मानने वाली रही है, मुस्लिम भाइयों को अपने पूर्वजों की गलती को सुधारने का मौका मिला है, इससे उन्हें चूकना नहीं चाहिए। वहीं शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता और हजरत अली मस्जिद कमेटी के सचिव हाजी सैयद फरमान हैदर ने अदालत के फैसले के सम्मान करने का दावा करते हुए कहा, हमारे द्वारा बनारस के घाटों पर गंगा जल से वजू करके नमाज पढ़ी है। कभी किसी ने नहीं रोका लेकिन आज देश में नमाज पढ़ने पर बवाल हो जा रहा है।

## सोनिया-राहुल पर भड़की केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, उनके इशारे पर मेरी बेटी का चरित्र हनन कर रहे

### अदालत जाऊंगी और एक-एक से हिसाब लूंगी



**नई दिल्ली।** गोवा में कैफे को लेकर छिड़े विवाद पर केंद्रीय मंत्री और बीजेपी सांसद स्मृति ईरानी ने कांग्रेस और गांधी परिवार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता, गांधी परिवार के इशारे पर मेरी बेटी का चरित्र हनन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब वहां नहीं रुकने वालीं, वहां कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कोर्ट जाएंगी। केंद्रीय मंत्री ईरानी ने कहा, 18 वर्ष की मेरी बेटी जो राजनीति में नहीं है, कॉलेज की छात्रा है, कांग्रेस नेताओं ने उसकी छवि धूमिल करने की कोशिश की है। अब मैं कोर्ट जाऊंगी और एक-एक से हिसाब लूंगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा और कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मेरी बेटी का नाम लिया है। मेरा सवाल है कि आरटीआई के जवाब में मेरी बेटी का नाम कहां है? ईरानी ने कहा कि यह सब गांधी परिवार के निर्देश पर हुआ है। उन्होंने कहा, %मैं 5,000 करोड़ रुपये की लूट के लिए सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर सवाल उठाती रहती हूं, इस कारण ये सब उन्हीं के निर्देशों पर हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अभी तक उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा में राहुल गांधी की हार को नहीं पचा पा रही है। उन्होंने कहा, मैं चुनौती देती हूं- राहुल गांधी को अमेठी में फिर से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने भेजिए, बीजेपी कार्यकर्ता के नाते उन्हें फिर से धूल चटाने का वादा करती हूं।

## तिहाड़ में बंद जेकेएलएफ चीफ यासीन मलिक भूख हड़ताल पर बोला- मेरे मामलों की नहीं हो रही सही जांच



**नई दिल्ली।** राजधानी स्थित तिहाड़ जेल में बंद जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) चीफ यासीन मलिक भूख हड़ताल पर बैठे हैं। यासीन मलिक का कहना है कि उस पर जो मामला विचाराधीन चल रहा है, उसकी सही तरीके से जांच नहीं की जा रही है। इसके चलते वह बीते शुक्रवार से भूख हड़ताल पर है। हालांकि इस दौरान जेल के वरिष्ठ अधिकारी भी उससे मुलाकात करने पहुंचे और भूख हड़ताल खत्म करने को कहा लेकिन यासीन मलिक ने इनकार कर दिया। यासीन मलिक इन दिनों तिहाड़ जेल के कारागार संख्या-7 में बंद है। प्रतिबंधित जेकेएलएफ के सरगना यासीन मलिक ने 13 जुलाई को यहां एक सीबीआई अदालत से कहा कि वह पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबिया सईद के अपहरण से जुड़े मामले में प्रत्यक्ष रूप से पेश होकर गवाहों से खुद जिरह करना चाहता है। उसने कहा कि इसकी अनुमति नहीं मिलने पर वह भूख हड़ताल करेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी थी। अधिकारियों ने बताया था कि मलिक ने अदालत से कहा कि वह 22 जुलाई तक सरकार के जवाब का इंतजार कर रहा है।

# आदिवासी हितों की बात करने वालों को जवाब है द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना : अमित शाह



**गांधीनगर।** गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमितशाह ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू के तौर पर देश को नए राष्ट्रपति मिले हैं7 उनका राष्ट्रपति बनना देश के लिए ऐतिहासिक घटना है7 एक सामान्य परिवार और आदिवासी समाज से कोई महिला देश की राष्ट्रपति बनी है यह बहुत बड़ी बात है7 द्रौपदी मुर्मू जिस समाज से आई हैं, उस समाज के ज्यादातर लोगों भी पता नहीं है कि वह क्या बनी हैं। अमित शाह ने कहा कि आदिवासी हितों की बड़ी बड़ी बातें करने वालों को द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना कड़ा जवाब है। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में प्रोजेक्ट विश्वास के तहत सीसीटीवी कैमरा आधारित सर्वेलन्स एन्ड इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के राज्यस्तर के कमांड एन्ड कंट्रोल सेंटर 'त्रिनेत्र' के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। गुजरात पुलिस की तारीफ करते हुए अमित शाह ने कहा कि देश के 96 प्रतिशत पुलिस स्टेशन में सीसीटीवी और ऑनलाइन का काम पूरा हो चुका है। गुजरात में कानून व्यवस्था की स्थिति पर पुस्तक लिखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब अहमदाबाद 200 दिनों तक कर्फ्यूग्रस्त रहा था। 365 में से 212 दिन बैंक में क्लीयरिंग का काम ठप रहा हो ऐसा अहमदाबाद शहर था। लेकिन 2002 के बाद परिस्थितियां बदलीं और राज्य में कर्फ्यू की घटनाएं इतिहास बनकर रह गई हैं। उन्होंने कहा कि 1984 में मैं पोरबंदर गया था, जहां एक बोर्ड था कि, 'कानून व्यवस्था की हद पूर्ण हुई है और यहां से पोरबंदर शुरू होता है।' नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री बनने के बाद कठोरता से समाज के दुश्मनों के खिलाफ कार्यवाही की। अमित शाह ने तिरंगा अभियान को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर तिरंगा अभियान दिया है। सभी लोग 13, 14 और 15 अगस्त को अपने घरों पर तिरंगा फहराकर पीएम मोदी के अभियान को सफल बनाएं। गुजरात की जनता से मेरी अपील है कि एक भी ऑफीस या घर तिरंगा से अछूता ना रहे इसका खास ध्यान रखें।

### टीवी सीरियल 'भाबीजी घर पर हैं' के 'मलखान' नहीं रहे, खेलते वक्त गिरने से हुआ दीपेश भान का निधन

**मुंबई।** छोटे पर्दे के चर्चित कामेडी धारावाहिक 'भाबीजी घर पर हैं' में मलखान का किरदार अभिनीत करने वाले अभिनेता दीपेश भान अब इस दुनिया में नहीं रहे। दीपेश ने आज सुबह अंतिम सांस ली। वे शो में अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते थे। उनके निधन के सही कारण का अभी तक पता नहीं चला है, लेकिन कहा जा रहा है कि वह सुबह क्रिकेट खेलते वक्त गिर गए थे। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित किया। दीपेश भान के करीबी रहे एक्टर रोहिताशिव गौर इस खबर से सदमे में हैं। वह कहते हैं, शो के लिए हमारे कॉल का समय आज थोड़ा लेट था।

## महाराष्ट्र: गढ़चिरौली में भारी बारिश ने नदी-पोखरों को किया लबालब, छह बस्तियों से सड़क संपर्क टूटा



**नागपुर, महाराष्ट्र।** भारी बारिश महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। यहां की छह सुदूर बस्तियों में रहने वाले सैकड़ों आदिवासियों के लिए हर वर्ष मानसून की शुरुआत से पहले आवश्यक वस्तुओं और दवाओं का भंडार करना परंपरा बन गई है क्योंकि बारिश के कारण जलाशयों-पोखरों के भर जाने से ये स्थान जिले के बाकी हिस्सों से चार महीने के लिए कट जाते हैं। महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित बिनागुंडा, तुरेमार्का, कोवाकोडी, पेरिमिलबट्टी, फोडेवाड़ा और दमनमार्का राज्य के सीमावर्ती गांव हैं।

इन स्थानों से लगभग 36 किलोमीटर दूर भामरागढ़ तालुका में स्थित एक अधिकारी ने कहा कि पहाड़ियों से घिरी छह बस्तियां राज्य की सीमा पर सबसे दूरस्थ और अंतिम गांव हैं। उन्होंने कहा, ''इन गांवों के लगभग 500 आदिवासी वन उपज इकट्ठा करके, बांस काटकर और 'कोसरी' नामक बाजरा की खेती करके अपना जीवन यापन करते हैं।'' अधिकारी ने कहा कि इन बस्तियों में बिजली की आपूर्ति नहीं है, लेकिन कुछ घरों में छोटी सौर इकाइयां हैं। मानसून का आना बुनियादी ढांचे की कमी वाले इन गांवों के लिए चिंता लेकर आता है क्योंकि बारिश के कारण जलाशयों में पानी भर जाने और संपर्क टूटने से ये गांव जुलाई से अक्टूबर तक चार महीने के लिए तालुका और जिला मुख्यालय से कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि गुंडिनूर नामक एक बड़े नाले में बारिश के दौरान बाढ़ आ जाती है, जिससे क्षेत्र से संपर्क प्रभावित होता है। इस नाले पर पुल नहीं है। अधिकारी ने कहा कि इन गांवों के आदिवासियों को या तो लाहेरी गांव तक 18 से 25 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है या फिर डोंगा (लकड़ी की छोटी नाव) के जरिए नाले को पार करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले प्रशासन इन गांवों में आवश्यक और जीवन रक्षक दवाएं उपलब्ध कराता है। उन्होंने कहा कि निकटतम स्वास्थ्य केंद्र लाहेरी में लगभग 18 किलोमीटर दूर है। अधिकारी ने कहा कि प्रशासन ने चार 'कोतवाल' (स्थानीय राजस्व कर्मचारी) भी नियुक्त किए हैं, जो स्थिति से अधिकारियों को अवगत कराने के लिए इन गांवों का दौरा करते रहते हैं।

## खास खबर

### रूसी सेना ने मध्य यूक्रेन के एक हवाई क्षेत्र में मिसाइलें दागीं, तीन लोगों की मौत

**कीव।** रूसी सेना ने मध्य यूक्रेन के एक हवाई क्षेत्र में शनिवार को मिसाइलें दागीं, जिसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और यूक्रेनी सेना ने रूसी कब्जे वाले दक्षिणी क्षेत्र में नदी पार रॉकेट हमले किए। यूक्रेन पर रूस के हमले के 150वें दिन अहम बुनियादी ढांचों पर हमले युद्ध में बढ़त हासिल करने की दोनों पक्षों की ताजा कोशिश हैं। यूक्रेन के मध्य स्थित किरोवोह्लादस्का क्षेत्र में एक हवाई क्षेत्र और एक रेलवे प्रतिष्ठान पर 13 रूसी मिसाइल दागी गईं। इन हमलों में कम से कम एक कर्मी और दो गार्ड की मौत हो गई। क्षेत्रीय प्रशासन ने बताया कि किरोवोह्लाद शहर के निकट हुए हमलों में 13 अन्य लोग घायल हो गए हैं। इस बीच, हमले की शुरुआत में रूसी बलों द्वारा कब्जाए गए दक्षिणी खेरसोन क्षेत्र में यूक्रेनी बलों ने दनीपर नदी के पार रॉकेट दागे और रूसी बलों के लिए आपूर्ति बाधित करने की कोशिश की। ये ताजा हमले उस समय में किए गए हैं, जब इससे कुछ ही घंटों पहले रूस और यूक्रेन ने तुर्की और संयुक्त राष्ट्र के साथ अलग-अलग समझौते कर लाखों टन यूक्रेनी अनाज तथा रूसी खाद्यान्न एवं उर्वरक के निर्यात का मार्ग प्रशस्त किया।

### पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने आतंकवादी समूह टीटीपी के साथ जारी शांति वार्ता पर चर्चा की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) संगठन के साथ जारी शांति वार्ता पर चर्चा की है। खबर के अनुसार इस तरह की पहली बैठक थी, जिसमें सभी सशस्त्र सेनाएं शामिल थीं। 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टॉफ कमेटी (जेसीएससी) के अध्यक्ष जनरल नदीम रजा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा बैठक हुई। बैठक में सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों - सेनाध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा, नौसेना प्रमुख एडमिरल मुहम्मद अमजद खान नियाजी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू, आईएसआई महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम, पेशावर कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### झुग्गी बस्ती में पुलिस का छापा-मुठभेड़ में 18 मरे

**ब्राजील।** ब्राजील के रियो डी जेनेरियो की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती कांप्लेक्सो डो अलेमाओ फेवेला में पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने छापा डाला। छापेमारी के दौरान वहां के निवासियों और पुलिसकर्मियों के बीच मुठभेड़ हो गई।इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी सहित 18 लोगों की मौत हो गई है। पिछले कई वर्षों से ब्राजील में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक मंदी की मार से यहां पर आए दिन अपराध और लूट की घटनाएं बड़ी तेजी के साथ बढ़ गई हैं। पुलिस यहां पर कार चोरी ओर बैंक लूट जैसी घटनाओं के आरोपियों को पकड़ने के लिए पहुंची थी। पुलिस के पहुंचते ही झुग्गी के निवासियों ने पुलिस के ऊपर सामूहिक रूप से हमला कर दिया। जिससे पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। बल प्रयोग में 17 लोग मारे गए। वहीं इस घटना में 1 पुलिसकर्मी की भी मौत हो गई। उल्लेखनीय है, ब्राजील में आर्थिक संकट, बेरोजगारी, महंगाई, भारी भरकम टैक्स से जनता नाराज है। रोजगार नहीं होने के कारण लोग अपराध करने लगे है।

### येदियुरप्पा का ऐलान, मेरी सीट शिकारीपुरा से चुनाव लड़ेगा पुत्र बी वाई विजयेंद्र

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को राजनीति का एक बड़ा नाम माना जाता है। वह येदियुरप्पा ही हैं, जिन्होंने कर्नाटक में भाजपा को ना सिर्फ स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई बल्कि सत्ता तक पहुंचाने में भी बेहद महत्वपूर्ण साबित हुए। हालांकि, पिछले साल पार्टी के निर्देश के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया था। फिलहाल वह सक्रिय राजनीति से दूर हैं। इस बीच येदियुरप्पा ने बड़ा ऐलान करते हुए यह भी कह दिया था कि वर्ष 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने बेटे और पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र के लिए अपनी शिकारीपुरा सीट को छोड़ दूंगा। येदियुरप्पा की घोषणा को उनकी चुनावी राजनीति की समाप्ति माना जा रहा है। इस बीच शनिवार को फिर से येदियुरप्पा का बयान सामने आया है। येदियुरप्पा बयान पर कायम रहे कि उन्होंने कहा था कि मेरा बेटा शिकारीपुर से लड़ेगा। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कह दिया है कि इस पर अंतिम फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को करना है। उनका निर्णय ही अंतिम निर्णय होगा। मैं इसके लिए मांग नहीं कर सकता, केवल सुझाव दे सकता हूं। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि हम राज्य में एक बार फिर से सरकार बनाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि मैं चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। विजयेंद्र शिकारीपुरा से चुनाव लड़ेंगे।

न्यूज़ ट्रैक....

## चेन्नईयिन ने क्रोएशियाई स्ट्राइकर पीटर से करार किया

**चेन्नई** । इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए चेन्नईयिन एफसी ने क्रोएशियाई स्ट्राइकर पीटर स्लिसकोविच के साथ करार किया है। चेन्नईयिन स्लिसकोविच को जोड़कर अपनी अग्रिम पंक्ति को और बेहतर बनाना चाहती है। स्लिसकोविच ने बुंदेसलीगा लीग में एफएसवी मेंज क्लब की ओर से शुरुआत की थी और वह साल 2015 तक पांच सत्र में इस क्लब की टीम में शामिल रहे हैं , ऐसे में उन्हें अच्छा खासा अनुभव हो गया है। चेन्नईयिन एफसी ने इसे पहले घाना के फारवर्ड क्वेन करिकारी के साथ भी अनुबंधित किया था। स्लिसकोविच मुख्य रूप से सेंटर फारवर्ड के रूप में खेलते हैं। इस खिलाड़ी ने 359 मुकाबलों में 136 गोल किये हैं। वह अपने करियर में अधिकतर समय जर्मनी की ओर से प्रतिस्पर्धी फुटबॉल खेलते रहे हैं।

## विटोरी की नजरें भारत दौरे पर लगीं

**मेलबोर्न** । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की नजरें अगले साल होने वाले भारत दौरे पर लगी हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जिस प्रकार पाकिस्तान ओर श्रीलंका में जीत दर्ज की है उससे उसका हौसला बढ़ा हुआ है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के सहायक कोच डैनियल वेटोरी के अनुसार अलग-अलग जगहों पर हालात अगल-अलग तरह के होत हैं। अगर आप मोहाली में खेलते हैं तो पाकिस्तान जैसी सपाट विकेट मिल सकती है, वहीं अगर आप वानखेड़े में खेलते हैं तो वह श्रीलंका के गाले जैसी विकेट रहेगी जहां स्पिनरों को सहायता मिलेगी।
वेटोरी ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अब स्वीप शॉट से ज्यादा रन बनाने का प्रयास कर रहे हैं। श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजो की अधिकतर बाउंड्री स्वीप या रिवर्स-स्वीप से आयीं। फल नहीं होंगे क्योंकि भारत में हालात अलग रहेंगे।

## वीनस को नेशनल बैंक ओपन में वाइल्ड कार्ड

**टोरंटो** । विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी अमेरिका की महिला टेनिस स्टार वीनस विलियम्स को अगस्त में होने वाले नेशनल बैंक ओपन के मुख्य ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है। वीनस साल 2019 के बाद पहली बार टोरंटो में खेलेगी और अगस्त 2021 के बाद पहली बार किसी डब्ल्यूटीए टूर के एकल में वापसी करेंगी। वीनस ने अंतिम बार इस महीने की शुरुआत में मिश्रित युगल में खेला था जहां उन्होंने ब्रिटेन की जेमी मर्रे के साथ जोड़ी बनाई थी। वीनस 41 बार की डब्ल्यूटीए एकल चैम्पियन और ओलिम्पिक स्वर्ण पदक विजेता हैं।

## सर्बिया के पेसर आयो मेने-एजेगी हर सफलता पर मनाते हैं जश्न

**नई दिल्ली** । सफलता मिलने पर मन की खुशी को अभिव्यक्त करने खिलाड़ी अपने तरीके इस्तेमाल करते हैं। क्रिकेट के मैदान में प्रत्येक खिला?ी का अपना एक जश्न मनाने का तरीका होता है। हमने 33 वर्षीय भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को देखा है वह जब भी अर्द्धशतक या शतक लगाते हैं तो मैदान में तलवार बाजी के साथ जश्न मनाते हैं। वहीं कैरेबियन तेज गेंदबाज शेल्डन कॉटरेल मैदान में सफलता प्राप्त करने के बाद सैल्यूट करके अपनी खुशी का इजहार करते हैं। लेकिन हम कहें कि कोई ऐसा भी खिला?ी है जो विकेट चटकाने के बाद मैदान में बंदर की तरह गुलाटी मारकर जश्न मनाता है तो आप बिल्कुल हैरान हो जाएंगे। लेकिन इसमें कोई हैरानी वाली बात नहीं है।

महिल

# टीम इंडिया ने शिखर धवन के नेतृत्व में वेस्टइंडीज को पहले वनडे में दी 3 रन से शिकस्त

**नई दिल्ली** । टीम इंडिया ने तीन एक दिवसीय मैचों की श्रंखला की प्रथम स्पर्धा में वेस्टइंडीज को करीबी मैच में 3 रन से पराजित कर दिया। त्रिनिदाद के पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले गए पहले वनडे में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कैरेबियन टीम के सामने 309 रनों का लक्ष्य रखा। इसके जबाव में वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 305 रन ही बना सकी। इस मुकाबले में 97 रन की पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान शिखर धवन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कैरेबियन टीम की ओर से रोमारियो शेफर्ड (नाबाद 39) और अकील हुसैन (नाबाद 32) ने 7वें विकेट के लिए 53 रन जोड़ टीम को जीत दिलाने की कोशिश की लेकिन भारतीय टीम मैच बचाने में सफल रही।

इससे पहले शुभमन गिल ने वापसी करते हुए 64 रन बनाये जबकि कप्तान शिखर धवन शतक से तीन रन से चूक गए लेकिन दोनों ने भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मैच में शुक्रवार को सात विकेट पर 308 रन तक पहुंचा दिया। दिसंबर 2020 के बाद पहला वनडे खेल रहे गिल ने 52 गेंद में 64 रन बनाये जबकि धवन ने 99 गेंद में 97 रन की पारी खेली। श्रेयस अय्यर ने 57 गेंद में 54 रन बनाए। धवन और गिल ने पहले विकेट के लिये 106 गेंद में 119 रन की साझेदारी की। गिल 18वें ओवर में रन आउट हुए लेकिन अपनी पारी में उन्होंने कई आकर्षक शॉट्स लगाए।

उन्होंने अलजारी जोसेफ को छक्का जड़ा और फिर शानदार चौका लगाया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के जड़े। वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन के सटीक थ्रो पर वह रन आउट हुए। वनडे



क्रिकेट में गिल का यह पहला अर्धशतक था। वहीं सिर्फ वनडे प्रारूप में खेलने वाले धवन ने अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाए। भारत एक समय 350 रन के पार जाता दिख रहा था लेकिन धवन के नर्वस नाइंटी का शिकार होने के बाद मध्यक्रम चरमरा गया। धवन अपने कैरियर में सातवीं बार 'नर्वस नाइंटी' का शिकार हुए हैं।

भारत का स्कोर एक समय एक विकेट पर 213 रन था जो पांच विकेट पर 252 रन हो गया। संजू सैमसन ने एक बार फिर सुनहरा मौका गंवाया और 12 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं सूर्यकुमार यादव (13) को लचर शॉट खेलने का खामियाजा भुगतना पड़ा। दीपक हुड्डा ने 27 और अक्षर पटेल ने 21 रन की पारी खेली और छठे विकेट के लिये 42 रन जोड़कर भारत को 300 रन के पार पहुंचाया।

## अमेरिकी ओपन से भी बाहर हो सकते हैं जोकोविच

न्यूयॉर्क । सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच को अमरीका ओपन से भी बाहर रहना पड़ सकता है। विश्व के नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी जोकोविच ने अब तक भी कोरोना टीकाकरण नहीं कराया है। वहीं अमेरिकी नियमों के अनुसार, देश में प्रवेश के लिये कोरोना वायरस की वैक्सीन लगवाना जरूरी है। टीकाकरण नहीं होने के कारण ही जोकोविच को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भी प्रवेश नहीं मिला था।

जोकोविच के अमेरिकी ओपन में खेलने पर संदेह इसलिए है क्योंकि अब यूएस ओपन के आयोजकों ने कहा है कि वह अमरीकी सरकार के कोविड-19 वैक्सीन नियमों का सम्मान करते हैं। यूएस ओपन ने अपने एक बयान में कहा, 'आईटीएफ ग्रैंड स्लैम नियम पुस्तिका के अनुसार, सभी पात्र खिला?ी इवेंट के पहले सोमवार से 42 दिन पहले रैंकिंग के आधार पर स्वचालित रूप से पुरुष और महिला एकल के मुख्य ड्रा क्षेत्रों में प्रवेश कर जाते हैं। अमेरिकी ओपन में खिला?ियों के लिए टीकाकरण जरुरी नहीं है पर आयोजन गैर-अमेरिकी नागरिकों के लिए देश में यात्रा के संबंध में अमरीकी सरकार के नियमों का सम्मान करेगा।% यूनाइटेड स्टेट्स टेनिस एसोसिएशन (यूएसटीए) ने पुरुष और महिला एकल प्रवेश सूची जारी की है। जोकोविच का नाम प्रवेश सूची में है पर उन्हें खेलने की अनुमति दिये जाना अभी तय नहीं है।

## टी20 मैक्स स्पर्धा में भारत के तेज गेंदबाज चेतन और मुकेश ऑस्ट्रेलिया में दिखाएंगे गेंद का कौशल

**ब्रिस्बेन** । क्रिकेट में नवोदित प्रतिभाएं शानदार खेल प्रदर्शन कर रही हैं ऐसे ही भारत के दो तेज गेंदबाज चेतन सकारिया और मुकेश चौधरी अगले महीने यहां शुरू हो रही टी20 मैक्स टूर्नामेंट के शुरुआती सत्र में खेलेंगे। सकारिया और चौधरी दोनों ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पिछले सत्र में क्रमश- दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व किया था। ये दोनों खिलाड़ी 'एमआरएफ पेस फाउंडेशन' और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बीच आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत ब्रिस्बेन में समय बिताएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'एमआरएफ पेस फाउंडेशन' और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बीच खिलाड़ियों और कोचिंग का आदान-प्रदान लगभग 20 वर्षों से चल रहा है। यह पिछले कुछ वर्षों में कोरोना वायरस के कारण रुका था लेकिन इन दोनों भारतीय खिलाड़ियों के साथ फिर से शुरू हो रहा है।'

## धीमी मौत मर रहा है वनडे क्रिकेट : उस्मान ख्वाजा

नई दिल्ली । इंग्लैंड के सदाबहार हरफनमौला खिलाड़ी बेन स्टोक्स के एक दिवसीय (वनडे) क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने के ऐलान ने क्रिकेट प्रेमियों को सकते में डाल दिया है। इससे जहां एक ओर क्रिकेट के शेड्यूल को लेकर चर्चा गरम है। वहीं, आईपीएल और बिग बैश जैसी लीग को भी इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा ने कहा कि वनडे क्रिकेट धीमी मौत मर रहा है। इसलिए इस पर कोई आश्चर्य नहीं हो रहा है कि बेन स्टोक्स ने यह प्रारूप छोड़ दिया है।

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान के रूप में पदभार संभालने वाले बेन स्टोक्स ने कहा कि अधिकारी खिलाड़ियों के साथ 'कार' की तरह व्यवहार नहीं कर सकते हैं। अंतरराष्टीय स्तर पर तीनों प्रारूपों टी20, टेस्ट और वनडे क्रिकेट में वास्तविक रूप से प्रतिस्पर्धा करने के लिए बहुत अधिक क्रिकेट खेला जा रहा है। ओपनर उस्मान ख्वाजा ने क्रिकइंफो से कहा कि यह साफ है कि अगर इंटरनेशनल कैलेंडर से कुछ हटाया जाएगा तो बेशक 50 ओवर के मैच होंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के शुक्रवार को कैलेंडर जारी करने के बाद उस्मान ने कहा, 'मुझे लगता है कि शायद अभी तीनों प्रारुपो में से एकदिवसीय क्रिकेट तीसरे स्थान पर है। मुझे लगता है कि वनडे क्रिकेट धीरे-धीरे अपने अंत की ओर बढ़ रहा है। हालांकि, अभी भी वर्ल्ड कप है जिसे देखना मजेदार होगा।' ख्वाजा ने कहा कि इस युग में तीनों फॉर्मेट का खिलाड़ी बनना आसान नहीं है। यह असंभव ही नही बल्कि बहुत कठिन है। आपको इतनी यात्रा करनी होती है और वास्तव में आप घर पर नहीं होते है। वैसे आपको क्रिकेट में अपना पसंदीदा फॉर्मेट चुनने का मौका मिलता है। लेकिन कभी-कभी किसी एक को चुनना बहुत कठिन हो जाता है। हालांकि, ख्वाजा टेस्ट क्रिकेट के भविष्य पर बेहतरीन दृष्टिकोण रखते है।



विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर रेस के बाद कांस्य पदक विजेता बारबाडोस साडा विलियम्स।

व्यापारन्यूज

## फिक्की ने भारत की वृद्धि दर अनुमान घटाकर 7 फीसदी किया

**नई दिल्ली** । उद्योग मंडल फिक्की ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 7.4 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं की वजह से फिक्की ने वृद्धि दर के अनुमान में कमी की है। फिक्की के आर्थिक परिदृश्य सर्वे में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक चालू वित्त वर्ष के अंत तक मुख्य नीतिगत दर रेपो को बढ़ाकर 5.65 प्रतिशत करेगा। अभी रेपो दर 4.9 प्रतिशत है। यह सर्वेक्षण जून में किया गया था और इसमें उद्योग, बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख अर्थशास्त्रियों को शामिल किया गया है ।सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत रह सकती है। फिक्की ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अधिकतम 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है। वहीं न्यूनतम वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत है। फिक्की ने कहा ?कि वैश्विक अनिश्चितता और भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव को देखते हुए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर सात प्रतिशत किया गया है। अप्रैल, 2022 के सर्वेक्षण में 7.4 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान लगाया गया था।

## शीर्ष अदालत ने जीएसटीएन पोर्टल दो महीने खुला रखने का निर्देश दिया

**नई दिल्ली** । सुप्रीम कोर्ट ने कारोबा?रियों को राहत देते हुए गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क (जीएसटीएन) पोर्टल को 1 सितंबर से दो महीने के लिए खुला रखने का निर्देश दिया, ताकि व्यवसायों के लिए टैक्स क्रेडिट का दावा किया जा सके। जुलाई 2017 में आई इस नई इनडायरेक्ट टैक्स व्यवस्था के बाद ऐसे बहुत सारे मामले पेंडिंग है। ?विशेषज्ञ ने इस फैसले को लैंडमार्क बताया है। शीर्ष अदालत के फैसले से उन कई व्यवसायों को राहत मिलेगी, जो उत्पाद शुल्क और सेवा कर की पिछली व्यवस्था में टैक्स क्रेडिट को लेकर सरकार के खिलाफ मुकदमे लड़ रहे थे, जिसका वे जीएसटी में बदलाव के बाद लाभ नहीं उठा सके। इस तरह से टैक्स क्रेडिट पाने वाले तमाम कारोबार का मामला अटका पड़ा है। यह उन तमाम कारोबा?रियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिनका जीएसटी रिटर्न फंसा है। भले ही वे रिट याचिका के पक्षकार हों या नहीं।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 572.712 अरब डॉलर

**मुंबई** । देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 7.541 अरब डॉलर घटकर 572.712 अरब डॉलर रह गया। इसका कारण भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से रुपए की गिरावट को रोकने के लिए बाजार में बार-बार किया गया हस्तक्षेप है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार इससे पहले आठ जुलाई को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 8.062 अरब डॉलर घटकर 580.252 अरब डॉलर रह गया था। शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया पांच पैसे की गिरावट के साथ 79.90 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आठ जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में आई गिरावट का कारण विदेशी मुद्रा आस्तियों का घटना है जो कुल मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके अलावा स्वर्ण आरक्षित भंडार



घटने से भी विदेशी मुद्रा भंडार कम हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक के जारी किए गए भारत के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 6.527 अरब डॉलर घटकर 511.562 अरब डॉलर रह गई। डॉलर में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा भंडार में रखे जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में मूल्यवृद्धि अथवा मूल्यह्रास के प्रभावों को शामिल किया जाता है। आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 83 करोड़ डॉलर घटकर 38.356 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास जमा विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 15.5 करो? डॉलर घटकर 17.857 अरब डॉलर रह गया। आईएमएफ में रखे देश का मुद्रा भंडार भी 2.9 करोड़ डॉलर घटकर 4.937 अरब डॉलर रह गया।

## हवाई यात्रा करने वाले विशेष यात्रियों को डॉक्टरी जांच करानी होगी

**नई दिल्ली** । हवाई यात्रा करने वाले विशेष यात्रियों को अब डॉक्टरी जांच करानी होगी। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ( डीजीसीए) ने एयरलाइन कंपनियों को इस बाबत दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। डीजीसीए ने कंपनियों से कहा है कि किसी दि?यांग यात्री को बिना मेडिकल जांच कराए विमान में बैठने से नहीं रोका जा सकता है। अगर एयरलाइन को लगता है कि दिव्यांग यात्री विमान में बैठने की हालत में नहीं है और उड़ान के दौरान उसे दिक्कत हो सकती है तो यात्री को बिना डॉक्टरी जांच कराए विमान में बैठने से इनकार नहीं कराया जा सकता है। इस बाबत कंपनियों को पहले एयरपोर्ट पर मौजूद डॉक्टर से सलाह लेनी होगी, जिसके आधार पर सही फैसला लिया जा सकता है। डीजीसीए ने अपने निर्देश में कहा है कि अगर एयरलाइन को लगता है कि किसी यात्री का स्वास्थ्य उड़ान के दौरान खराब हो सकता है तो सबसे पहले उसका डॉक्टरी जांच कराना होगा और उनकी सलाह पर ही यह तय किया जाना चाहिए कि अमुक यात्री उड़ान के लायक है अथवा नहीं। इसके आधार पर ही एयरलाइन को कोई फैसला लेना होगा। अगर किसी केस में डॉक्टर यात्री को उड़ान भरने से रोकने की सलाह देता है तो एयरलाइन को इस बारे में तत?काल यात्री को लिखित में सूचना देनी होगी और विमान में बैठने से रोकने का स्पष्ट कारण भी बताना होगा। डीजीसीए ने यह कदम इंडिगो एयरलाइन में एक मामला सामने आने के बाद उठाया है। इंडिगो ने 9 मई, 2022 को रांची-हैदराबाद की उड़ान में एक दिव्यांग लड़के को बैठाने से इनकार कर दिया था। बच्चे को यात्रा से रोके जाने के बाद उसके अभिभावक ने भी उड़ान से इनकार कर दिया। मामला सामने आने के बाद डीजीसीए ने एयरलाइन पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था।

### आकाश एयर साप्ताहिक उड़ानें शुरू करेगा

**नई दिल्ली** । नई विमानन सेवा आकाश एयर की वाणिज्यिक उड़ानें सात अगस्त से मुंबई-अहमदाबाद मार्ग पर शुरू होंगी। पहली उड़ान बोइंग 737 मैक्स विमान भरेगा। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि सात अगस्त से मुंबई-अहमदाबाद मार्ग पर 28 साप्ताहिक उड़ानों का परिचालन शुरू हो रहा है जिनके लिए टिकट की बिक्री शुरू कर दी गई है। 13 अगस्त से बेंगलुरु-कोच्चि मार्ग पर भी 28 साप्ताहिक उड़ानों का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। कमर्शियल उड़ान सेवा दो 737 मैक्स विमान के जरिए शुरू की जाएगी। विमानन कंपनी को एक मैक्स विमान की डिलिवरी मिल चुकी है, दूसरा विमान इस महीने के आखिर तक मिलेगा।

## भारत में टैब लॉन्च किया जाएगा 26 को

**नई दिल्ली** । भारत में टैब 26 जुलाई को लॉन्च किया जाएगा। 5जी टैबलेट रियलमी पैड एक्स एक प्रीमियम मिड-रेंज सेगमेंट का टैब होगा। कंपनी के मुताबिक रियलमी पैड एक्स एक अल्ट्रा-स्लिम डिज़ाइन का होगा, जो कि स्नैपड्रैगन के 6एनएम 5जी प्रोसेसर से लैस होगा। बता दें कि इस टैब को चीन में पहले ही लॉन्च किया जा चुका है, इसलिए इसके फीचर्स के बारे में कई बातें सामने आ चुकी हैं।रियलमी के आने वाले इस नए टैबलेट में 10.95 इंच की डब्ल्यूयूएक्सजीए+ फुल व्यू डिस्प्ले दिया जाएगा, जो 84.6 प्रतिशत स्क्रीन टू बॉडी रेशियो और 450 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ आती है। बता दें कि चीन वाले रियलमी पेड एक्स वेरिएंट में 6 जीबी की रैम के साथ 128 जीबी की स्टोरेज दी जाती है। इसकी स्टोरेज को माइक्रो एसडी कार्ड के ज़रिए 512 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है। कैमरे के तौर पर इस टैबलेट के रियर में 13 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा दिया जा सकता है। सेल्फी के लिए इस टैब में 8 मेगापिक्सल का सेंसर मिलेगा, जो 105 डिग्री फील्ड ऑफ व्यू के साथ आएगा। रियलमी पेड एक्स में पावर के लिए 8,340 एमएएच की बैटरी दी जाएगी, जो कि 33डब्ल्यू की फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ आएगी। कनेक्टिविटी की बात करें तो इस टैब में वाईफाई, ब्लूटूथ, 3.5एमएम हेडफोन जैक, जीपीएस, डॉल्बी एटमॉस और यूएसबी टाइप-सी पोर्ट मिलेंगे। ध्यान देने वाली बात ये है कि इस टैबलेट को फिजिकल कीबोर्ड और रियलमी मैग्नेटिक स्टाइलस के साथ भी चलाया जा सकता है।

# ओला ने की 50 करोड़ डॉलर के निवेश की घोषणा

## बेंगलुरु में बैटरी इनोवेशन सेंटर बनाएगी कंपनी

**नई दिल्ली** । बेंगलुरु में अत्याधुनिक बैटरी इनोवेशन सेंटर (बीआईसी) की स्थापना पर 50 करोड़ डॉलर का निवेश करने की घोषणा की है। बीआईसी ने कहा कि कंपनी दुनिया का सबसे बड़ा और आधुनिक सेल रिसर्च और डेवलपमेंट सेंटर होगा जिसमें सेल रिसर्च और डेवलपमेंट के सभी पहलुओं से संबंधित 165 से अधिक आधुनिक लैब उपकरण होंगे। कंपनी ने कहा कि केंद्र में बैटरी पैक डिजाइन, फैब्रिकेशन और जांच की सभी क्षमताएं एक ही जगह उपलब्ध हो सकेगी। बयान के मुताबिक, बीआईसी 500 पीएचडी धारकों और इंजीनियरों की भर्ती करेगा और भारत और अन्य ग्लोबल सेंटर के 1,000 रिसर्चर्स का समर्थन भी इसे मिलेगा।ओला इलेक्ट्रिक के फाउंडर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर भाविश अग्रवाल ने कहा कि बीआईसी में बैटरी इनोवेशन के लिए आधुनिक प्रयोगशालाएं और आधुनिक उपकरण होंगे और यह इलेक्ट्रिक वाहनों के ग्लोबल सेंटर बनने की ओर भारत की यात्रा को गति देंगे। अग्रवाल ने पुष्टि की कि कंपनी एक इलेक्ट्रिक मॉडल पर काम कर रही है। उन्होंने यह भी लिखा कि यह इलेक्ट्रिक कार भारत में सबसे स्पोर्टी होगी। नए टीजर से पता चलता है कि ओला की अपकमिंग इलेक्ट्रिक कार कूप जैसी रूफ वाली एक लो-स्लंग, चौड़ी कार होगी। हालांकि, यह 2-डोर स्पोर्ट्स कार नहीं हो सकती है, बल्कि 4-डोर सेडान हो सकती है, जिसमें लंबी दूरी के लिए बड़ा बैटरी पैक देखने को मिलेगा। गौरतलब है कि ओला इलेक्ट्रिक जल्द ही भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक कार लॉन्च करने जा रही है।

## मारुति और होंडा ला रही नई कारें

नई दिल्ली । जानी-मानी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने हाल ही में अपनी सब कॉम्पैक्ट एसयूवी मारुति सुजुकी ब्रेजा लॉन्च की है। अब कंपनी प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में ग्रैंड मारुति सुजुकी विटारा लॉन्च करने वाली है। होंडा भी भारत के सब कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में नए मॉडल्स लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। कंपनी अगले साल यानी साल 2023 में नई सब कॉम्पैक्ट यानी छोटी एसयूवी बाजार में उतारेगी। जिम्नी लॉन्ग कार के बारे में काफी वक्त से चर्चा हो रही है और इसके लॉन्च का इंतजार किया जा रहा है। यह मारुति की 5 डोर ऑफ रोडर होगी जो लॉन्ग व्हील बेस के साथ आएगी। इसीलिए इसे जिम्मी लॉन्ग नाम दिया गया है। यह कार साल 2023 के ऑटो एक्सपो में पेश की जा सकती है। होंडा भी मारुति की टक्कर में अपनी होंडा कॉम्पैक्ट एसयूवी भी उतार सकती है।

## आरबीआई ने चार सहकारी बैंकों पर लगाया प्रतिबंध

**मुंबई** । बैंकों की बिगड़ती आर्थिक स्थिति को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चार सहकारी बैंकों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। इसमें ग्राहकों के अपने बैंक खातों से पैसा निकालने की सीमा लगाना शामिल है। आरबीआई के अनुसार साईबाबा जनता सहकारी बैंक, द सूरी फ्रेंड्स यूनियन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, सूरी (पश्चिम बंगाल) और बहराइच के नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पर प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश के मुताबिक, साईबाबा जनता सहकारी बैंक के जमाकर्ता 20,000 रुपए से अधिक नहीं निकाल सकते है। जबकि सूरी फ्रेंड्स यूनियन को-ऑपरेटिव बैंक के लिए यह सीमा 50,000 रुपए है। इसी तरह नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के मामले में निकासी की सीमा प्रति ग्राहक 10,000 रुपए कर दी गई है। आरबीआई ने बिजनौर स्थित यूनाइटेड इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पर भी कई प्रतिबंध समेत ग्राहकों द्वारा धन निकासी पर रोक लगा दी है। केंद्रीय बैंक द्वारा चार सहकारी बैंकों को यह निर्देश बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के तहत जारी किए गए है, जो छह महीने तक लागू रहेंगे। रिजर्व बैंक ने एक अन्य बयान में कहा कि उसने सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक पर %धोखाधड़ी से संबंधित कुछ मानदंडों के उल्लंघन को लेकर 57.75 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

# एनटीआर30 में जूनियर एनटीआर के साथ बन सकती है कियारा आडवाणी की जोड़ी



अभिनेत्री कियारा आडवाणी के पास फिल्मों की कमी नहीं है। उनके पास फिलहाल एक से बढ़कर एक फिल्में हैं और अब सुनने में आ रहा है कि एक और फिल्म कियारा के खाते से जुड़ गई है। साउथ के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर की आने वाली बहुचर्चित फिल्म में वह अपनी मौजूदगी दर्ज करा सकती हैं। कियारा ने फिल्म में दिलचस्पी भी दिखाई है। आइए जानते हैं इस बारे में और क्या जानकारी मिली है।

रिपोर्ट के मुताबिक निर्देशक कोरातल्ला शिवा काफी समय से रोमांटिक एक्शन फिल्म एनटीआर30 के लिए हीरोइन की तलाश कर रहे थे। अब उनकी यह खोज कियारा पर आकर खत्म हुई है। वह बॉलीवुड की किसी बड़ी अभिनेत्री को जूनियर एनटीआर के साथ कास्ट करना चाहते थे। इसके लिए उनकी पहली पसंद कियारा हैं। निर्देशक के मुताबिक बॉलीवुड में कियारा ने अपना सिक्का जमा लिया है। ऐसे में उन्हें फिल्म में साइन करना फायदे का सौदा साबित होगा। बता दें कि निर्देशक कोरातल्ला शिवा के साथ कियारा इससे पहले सुपरहिट फिल्म भारत एने नेनु में काम कर चुकी हैं। यही वजह है कि दोनों के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। अब वे दोबारा साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। हालांकि, इस फिल्म की अभी आधिकारिक तौर पर पुष्टि होना बाकी है। भारत एने नेनु ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छी कमाई की थी। इसमें कियारा की जोड़ी साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू के साथ बनी थी।

कोरातल्ला जल्द ही इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा कर सकते हैं। वह इसमें कियारा के नाम की भी पुष्टि करने वाले हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जूनियर एनटीआर निर्देशक एसएस राजमौली की फिल्म आरआरआर का काम निपटाने के बाद एनटीआर30 की शूटिंग शुरू करेंगे। इसी बीच कोरातल्ला, राम चरण तेजा और चिरंजीवी के साथ फिल्म आचार्य का काम पूरा करेंगे। एनटीआर30 को हिंदी और तेलुगु के अलावा कई भाषाओं में रिलीज करने की तैयारी है।

कियारा निर्माता करण जौहर की फिल्म मिस्टर लेले में विक्की कौशल के साथ रोमांस करती दिखेंगी। वह फिल्म भूल भुलैया 2 को लेकर भी चर्चा में हैं। इसमें उनकी जोड़ी कार्तिक आर्यन के साथ बनी है। कियारा फिल्म शेरशाह का हिस्सा हैं, जिसमें वह अपने तथाकथित बॉयफ्रेंड सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ इश्क फरमाती दिखेंगी। कियारा फिल्म जुग जुग जियो में नजर आएंगी। इसके अलावा वह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म अन्नियन के हिंदी रीमेक में भी नजर आ सकती हैं।

## एक्ट्रेस राइमा सेन ने वाइट ब्रा पहनकर दिया सेक्सी पोज



बॉलीवुड एक्ट्रेस राइमा सेन ग्लैमर वर्ल्ड में अपनी शानदार वापसी करती हुई नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी एक से बढ़कर एक हॉट और बोल्ड फोटोज का तड़का लगाकर अपने फैंस को एंटरटेन किया. बंगाली बाला का ये सेक्सी अवतार देखकर हर कोई हैरान और उनकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही ही. इन तस्वीरों में वो बॉलीवुड की युवा एक्ट्रेसेस को भी अपनी हॉटनेस से क्लीन बोल्ड करती दिखाई दे रही हैं. राइमा ने अब इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट फोटो पोस्ट की है जिसमें वो वाइट कलर की ब्रा पहनकर अपने बेहद आकर्षक अंदाज में पोज करती हुई नजर आ रही हैं. लॉकडाउन के इस समय में राइमा अपने फैंस को अपनी हॉटनेस का ट्रीट देती हुई नजर आ रही हैं. राइमा की इन फोटोज को हजारों लाइक्स और कमेंट्स मिल रहे हैं और उन्हें देखने के बाद फैंस को इस बात पर यकीन नहीं हो रहा कि वो अब 41 साल की हैं. इस उम्र में भी वो बॉलीवुड की युवा एक्ट्रेस की तरह ही हॉट और स्लिम नजर आ रही हैं. उनका यही स्टाइल लोगों को सबसे ज्यादा आकर्षित कर रहा है।

## प्रीति जिंटा नें डिजिटल डिटॉक्स से की वापसी

अभिनेत्री प्रीति जिंटा ने एक डिजिटल डिटॉक्स के बाद वापस आने का सबसे अच्छा तरीका साझा किया, जो कि रैंडम थ्रोबैक है।प्रीति ने इंस्टाग्राम



पर एक थ्रोबैक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह 18 महीने बाद डिनर के लिए बाहर जाने पर एक दोस्त के साथ पोज देती दिखाई दे रही हैं।प्रीति ने कैप्शन में लिखा, डिजिटल डिटॉक्स के बाद वापस आने का सबसे अच्छा तरीका, कुछ दिनों पहले की एक पुरानी तस्वीर जब हम 18 महीने के बाद रात के खाने के लिए बाहर गए थे।प्रीति की सोशल मीडिया पर आखिरी पोस्ट एक हफ्ते पहले की थी, जिसमें उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बारे में बात की थी। वह आईपीएल क्रिकेट टीम पंजाब किंग्स की सह मालिक हैं। पर्दे पर प्रीति आखिरी बार पर्दे पर 2018 की फिल्म भैयाजी सुपरहिट में नजर आई थीं। इस फिल्म के जरिए उन्होंने सात साल के ब्रेक के बाद वापसी की थी। इसमें उनके साथ सनी देओल, अमीषा पटेल, अरशद वारसी और श्रेयस तलपड़े भी थे।

# रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने पर उत्साहित है परिणीति चोपड़ा



बॉलीवुड के मशहूर कलाकार रणबीर कपूर और बॉबी देओल की अपकमिंग फिल्म का नाम एनिमल है। जिसका ऐलान काफी समय पहले ही मेकर्स ने कर दिया था। फिल्म में रणबीर कपूर और बॉबी देओल के अलावा मुख्य किरदार में अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा भी एक अहम रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म का निर्देशन कबीर सिंह से मशहूर संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। इस फिल्म को लेकर अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें उन्होंने बताया कि मैं खुद को सम्मानित महसूस कर रही हूं। परिणीति चोपड़ा का कहना है कि, संदीप रेड्डी वांगा की अगली फिल्म का हिस्सा बनने की वजह से वो काफी खुश और सम्मानित महसूस कर रही है क्योंकि इस फिल्म के जरिए उनको अभिनेता रणबीर कपूर से सीखने और देखने का मौका देगी। परिणीति चोपड़ा का कहना है कि वो पिछले काफी समय से अभिनेता रणबीर कपूर के साथ काम करना चाहती थी। जिसकी वजह से उन्होंने फिल्म एनिमल को करने के लिए हां कर दी और अब वो फिल्म की शूटिंग पर जाने के लिए काफी ज्यादा उत्साहित है। अगर हम बात करें फिल्म एनिमल की तो इसका निर्देशन संदीप वांगा रेड्डी करने वाले हैं। ये संदीप की दूसरी हिंदी फिल्म होगी। इससे पहले उन्होंने कबीर सिंह का निर्देशन किया है। फिल्म एनिमल को भूषण कुमार की टीसीरीज, मुराद खेतानी और कृष्णा कुमार निर्माण करने वाले है। अगर हम बात करें अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की पिछली रिलीज फिल्म की, तो उनकी पिछली रिलीज फिल्म साइना थी जिसमे उन्होंने साइना नेहवाल का किरदार निभाया था। इसके अलावा परिणीति चोपड़ा की पिछली फिल्म संदीप और पिंकी फरार ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज की गई थी।

# आपके कई कामों को आसान बना देंगे हाइड्रोजन पेरॉक्साइड से जुड़े ये हैक्स

हाइड्रोजन पेरॉक्साइड एक केमिकल कंपाउंड है जो लिक्विड फॉर्म में होता है। इसमें क्लीनिंग एजेंट के साथ-साथ एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-वायरस प्रोपर्टीज मौजूद होती हैं और इसका इस्तेमाल मुख्य तौर पर कपड़ों की साफ-सफाई के लिए किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हाइड्रोजन पेरॉक्साइड का इस्तेमाल साफ-सफाई के अलावा कई अन्य कामों को आसान बनाने के लिए भी किया जा सकता है। आइए आज हाइड्रोजन पेरॉक्साइड से जुड़े कुछ ऐसे ही हैक्स के बारे में जानते हैं।

### टाइल्स के जोड़ को करें साफ

हाइड्रोजन पेरॉक्साइड एक बेहतरीन क्लीनिंग एजेंट है और इसका इस्तेमाल करके आप टाइल्स के जोड़ को आसानी से साफ कर सकते हैं। इसके लिए एक कांच की कटोरी में बेकिंग सोडा और हाइड्रोजन पेरोक्साइड का एक मिश्रण तैयार कर लें और फिर इस मिश्रण को घर की सभी टाइल्स के जोड़ पर लगाकर कम से कम 5-10 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद सभी टाइल्स के जोड़ को क्लींनिंग ब्रश से रगड़कर पानी से धो दें।



### टूथब्रश से लेकर ब्यूटी प्रोडक्ट्स तक को सैनिटाइज करें

आप चाहें तो हाइड्रोजन पेरॉक्साइड का इस्तेमाल अपने टूथब्रश, टंग क्लीनर, मैनिक्योर प्रोडक्ट्स और पैडिक्योर प्रोडक्ट्स को सैनिटाइज करने के लिए भी कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि एक कांच के कटोरे में थोड़ा हाइड्रोजन पेरॉक्साइड डालना है। फिर इसमें उन प्रोडक्ट्स को भिगोकर कुछ मिनट के लिए छोड़ दें जिन्हें आपको सैनिटाइज करना है। इसके बाद इन प्रोडक्ट्स को सामान्य पानी से धोकर साफ कर लें।

### फ्रिज को साफ और कीटाणु-मुक्त करें

फ्रिज को साफ और कीटाणु-मुक्त करने के लिए भी आप हाइड्रोजन पेरॉक्साइड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले अपने फ्रिज को अच्छे से खाली कर लें। अब एक स्प्रे बोतल में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड और पानी की बराबर मात्रा भर लें और फिर इसका अपने पूरे फ्रिज पर छिड़काव करें। अंत में माइक्रोफाइबर कपड़े से पूरे फ्रिज को पोछ दें। अगर आपके पास माइक्रोफाइबर कपड़ा न हो तो किसी साफ करपड़े का इस्तेमाल करें।

### गार्डन से कीड़े भगाएं

अगर आप अपने गार्डन में लगने वाले कीड़े-मकोड़ों से कुछ अधिक ही परेशान रहते हैं तो उन्हें दूर भगाने के लिए आप हाइड्रोजन पेरॉक्साइड का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए हाइड्रोजन पेरॉक्साइड और सिरके का एक मिश्रण तैयार करके एक स्प्रे बोतल में भर लें। अब इस मिश्रण को पौधे की जड़ से लेकर पत्तों तक पर छिड़कें। यकीनन इससे आपका गार्डन कीड़े-मकोड़ों से काफी हद तक बच सकता है।

# किमाया कपूर की फिटनेस के कायल हुए लोग



एथलीट, एक्टर, मॉडल और जिमनास्ट किमाया कपूर इन दिनों सोशल मीडिया पर कहर बरपाती नजर आ रही हैं। अपनी फिटनेस और खूबसूरती के चलते किमाया सोशल मीडिया सेंसेशन बन गई हैं। मिस हैदराबाद 2018-19, किमाया कपूर आज लाखों लोगों की प्रेरणा का सबब बन चुकी हैं। किमाया कपूर इंडिया की सबसे चर्चित ट्रैवल ब्लॉगर में से एक हैं। किमाया न सिर्फ एक जबरदस्त एथलीट, बल्कि एक बेहतरीन एक्टर और ग्लैमर वर्ल्ड में एक उभरता नाम भी हैं। कोटा, राजस्थान में जन्मी किमाया ने हमेशा से ही बड़े सपने देखे हैं, फिर चाहे वो ग्लैमर हो या स्पोर्ट्स! किमाया का असली नाम दरअसल निकिता धडीछ है, लेकिन अब वे पूरे इंडस्ट्री में किमाया कपूर नाम से ही चर्चित हैं। यह किमाया की बढ़ती लोकप्रियता का ही असर है, जो उन्हे साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री से लेकर देश भर के गौरतलब मॉडलिंग प्रोजेक्ट्स ऑफर किए जा रहे हैं। अब ही जल्द किमाया कपूर तमिल फिल्म के साथ अपना डेब्यू करने जा रहीं हैं। इसके अलावा वे फिलहाल ढेर सारे पंजाबी म्यूजिक एल्बम्स और प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। किमाया बतातीं हैं के ट्रैवलिंग के दौरान ही वे अपनी जिंदगी के सबसे होनहार और दिलचस्प लोगों से मिली हैं, जिसमें से एक हैं उनके अज़ीज़ दोस्त और कलीग, सेलिब्रिटी ट्रैवल फोटोग्राफर, राहुल लोखरे, जिनकी फ्लेमिंगो प्रोडक्शन के साथ ही किमाया ने अपने कई सारे ट्रैवलिंग प्रोजेक्ट्स किए हैं! किमाया और राहुल ने मिलकर दुनिया भर के कई सारे देशों का दौरा कर लिया है, जिसमें दुबई, थाईलैंड, सिंगापुर, बाली, कोलंबिया जैसे नाम शामिल हैं।

# कई लोगों को हैं दांतों की सफाई से जुड़े ये भ्रम, जानिए इनकी सच्चाई



दांत सफेद होने से न सिर्फ आपकी मुस्कुराहट खूबसूरत लगती है, बल्कि यह मुंह के स्वस्थ होने का भी प्रतीक हैं। इसी कारण लोग दांतों को साफ रखने के लिए तरह-तरह की तरकीब आजमाते हैं। हालांकि घरेलू नुस्खों और बाहरी प्रोडक्ट्स की भरमार के कारण कई बार तथ्यों और भ्रमों के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाता है और इससे दांतों को नुकसान हो सकता है। चलिए आज आपको दांतों की सफाई से जुड़े भ्रम और उनकी सच्चाई बताते हैं।

**भ्रम- हार्ड टूथब्रश से दांत साफ और सफेद रहते हैं:** शायद यह सबसे आम भ्रम है कि हार्ड टूथब्रश से दांत साफ और सफेद रहते हैं, जबकि ऐसा कुछ नहीं है। हार्ड ब्रश दांतों को साफ करने से ज्यादा दांतों की सतहों और मसूड़ों को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए जरूरी है कि आप सॉफ्ट टूथब्रश का इस्तेमाल करें और अपने ब्रश करने के तरीके पर ध्यान दें। ऊपरी दांतों को साफ करने के लिए नीचे की ओर से और निचले दांतों को ऊपर की ओर से ब्रश करें।

**भ्रम- दांत में दर्द या कीड़ा लगने पर ही दंत चिकित्सक के पास जाना चाहिए:** यह भी सिर्फ एक भ्रम है कि दांत में दर्द या कीड़ा लगने पर ही दंत चिकित्सक यानि डेंटिस्ट के पास जाना चाहिए, जबकि ऐसा नहीं है। एक अच्छी ओरल हेल्थ के लिए हर छह महीने में एक बार दंत चिकित्सक के पास जाएं और अपने दांतों की सफाई और चेकअप कराएं, ताकि कोई भी समस्या से समय पर ही निपटा जा सके। इस तरह से आपके दांत स्वस्थ बने रहेंगे।

**भ्रम- जब मसूड़ों से खून आ रहा हो तो आपको टूथब्रश करना बंद कर देना चाहिए:** कई लोग इस बात को सच मानते हैं कि जब मसूड़ों से खून आ रहा हो तो आपको टूथब्रश करना बंद कर देना चाहिए, लेकिन यह बात पूरी तरह से गलत है। अगर टूथब्रश करते समय आपके मसूड़ों से खून आए तो तुरंत दंत चिकित्सक से मिलें क्योंकि मसूड़ों से खून तभी बहता है, जब आप अपने दांतों को ठीक से साफ नहीं करते हैं या फिर कोई अन्य समस्या हो। डॉक्टर की सलाह पर आगे कदम उठाएं।

**भ्रम- ओरल हेल्थ आपके स्वास्थ्य से संबंधित नहीं:** एक भ्रम यह भी है कि ओरल हेल्थ का समग्र स्वास्थ्य पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, लेकिन यह एक गलत अवधारणा है क्योंकि मुंह और शरीर के बीच सीधा संबंध होता है और ओरल हेल्थ आपके समग्र स्वास्थ्य से जुड़ी है। दरअसल, हमारा खाना हमारे मुंह से होकर जाता है, इसलिए मुंह साफ न होने पर कोई भी जीवाणु या संक्रमण मुंह से शरीर में प्रवेश कर सकता है और स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

## पवित्र रिश्ता के दूसरे सीजन में सुशांत सिंह राजपूत की जगह ले सकते हैं शाहीर शेख

धारावाहिक पवित्र रिश्ता की निर्माता एकता कपूर ने यह फैसला किया था कि सुशांत सिंह राजपूत की याद में वह अपने इस सीरियल का दूसरा सीजन बनाएंगी। इस खबर के सामने आने के बाद से हर किसी के मन में यही सवाल था कि आखिर इसमें मानव का किरदार कौन अदा करेगा। अब चर्चा है कि टीवी के जाने-माने अभिनेता शाहीर शेख शो में उनकी जगह ले सकते हैं। आइए जानते हैं इस बारे में और क्या जानकारी मिली है। ताजा रिपोर्ट में दावा किया है कि पवित्र रिश्ता 2.0 में शाहीर शेख मानव की भूमिका में नजर आएंगे, वहीं, इसमें अर्चना के रूप में अंकिता लोखंडे की वापसी होगी। मतलब यह कि पर्दे पर इस बार अंकिता और शाहीर की जोड़ी देखने को मिलेगी। इसमें दिखाया जाएगा कि आखिर सात साल बाद मानव और अर्चना की जिंदगी में क्या-क्या बदलाव आया है। जल्द ही पवित्र रिश्ता 2.0 के बाकी कलाकारों को फाइनल कर लिया जाएगा। शाहीर से पहले इस शो का प्रस्ताव अभिनेता हर्षद चोपड़ा को दिया गया था, लेकिन उनके साथ बात नहीं बन पाई। रिपोर्ट में कहा गया था कि शो के लिए हर्षद को शॉर्टलिस्ट कर दिया गया है। इस सिलसिले में निर्माताओं के साथ उनकी बातचीत जारी है। सुशांत के साथ हर्षद की काफी अच्छी बातचीत थी। धारावाहिक किस देश में है मेरा दिल में सुशांत ने हर्षद के छोटे भाई का किरदार निभाया था। पवित्र रिश्ता की शुरुआत 2009 में हुई थी। एकता कपूर ने इसके लगभग 1,500 एपिसोड बनाए थे। इस शो से मिली पहचान ने सुशांत और अंकिता को वो सब कुछ दिया, जिसकी चाहत हर कलाकार को होती है। इसी के साथ दोनों के करियर की शुरुआत हुई थी। हालांकि, सुशांत इससे पहले एकता के अन्य शो किस देश में है मेरा दिल में नजर आए थे, लेकिन स्टारडम उन्हें पवित्र रिश्ता से मिला था।

## इन्दिरा-नेहरू की प्रतिस्पर्द्धा में मोदी....?

कुछ ही महीनों पहले देश के राजनीतिक खेमों में इस बात पर काफी हो हल्ला मचा था कि नरेन्द्र भाई मोदी सिर्फ सरकार ही नहीं बल्कि राजनीति के हर क्षेत्र में कांग्रेस के प्रणेता नेताओं प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू तथा उनकी बेटी इंदिरा जी को पीछे छोड़कर नया इतिहास रचना चाहते है, इसको लेकर भाजपा में ताजी चर्चा यह है कि यदि 2024 के चुनाव में भाजपा बहुमत प्राप्त कर लेती है और मोदी जी ही प्रधानमंत्री बनाए जाते है तो वे प्रधानमंत्रीकाल गणना के अनुसार नेहरू-इंदिरा के करीब पहुंच जाएगें नेहरू जी 1947 से 1964 (17 साल) प्रधानमंत्री रहे और इंदिरा जी 1966 से 1984 तक (18 साल) यदि जनता पार्टी के प्रधानमंत्री मोरार जी भाई के कार्यकाल की गणना भी करें तो इंदिरा जी साढ़े 15 साल प्रधानमंत्री रही, यदि मोदी जी 2024 में पुनः प्रधानमंत्री बन जाते है तो उनका प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल भी 15 साल के आंकड़े तक पहुंच जाएगा। यह तो हुई कार्यकाल की बात। अब यदि नेहरू-इंदिरा के कार्यकाल में घटी घटनाओं या तत्कालीन सरकारी फैसलों की तुलना मौजूदा मोदी सरकार के फैसलों से की जाए तो उनमें भी काफी कुछ साम्य नजर आता है, खासकर कश्मीर समस्या, पाकिस्तान से निपटने की नीति, भारतीय जनसंख्या समस्या या नागरिक आचरण संहिता ये कुछ विषय ऐसे है जिनमें मोदी शासन की अतीत से सीख नजर आती है, यदि घटनाक्रम का ही जिक्र करें तो यह बात स्पष्ट होती है, भारतीय संसद ने हाल ही में संसदीय प्रक्रिया को सुलभ बनाने के नाम पर कई अहम फैसले लिए जिनके माध्यम से मोदी सरकार पर आरोप लगाए जा रहे है कि वह प्रतिपक्ष का मुंह बंद करना चाहती है, संसद में कुछ शब्दों के प्रयोग पर पाबंदी लगाई गई है, संसद परिसर में धरने-प्रदर्शन पर पाबंदी लगाई गई और इन्हीं पाबंदियों का अनुसरण अब राज्यों की विधानसभाऐं भी करने की तैयारी कर रही है, तो इस फैसले को लेकर प्रतिपक्ष इंदिरा जी के कार्यकाल के आपातकाल को याद दिला रहा है, जब सरकार की आलोचना पर प्रतिबंध लगाया गया था, वह प्रतिबंध आम जनता, बुद्धिजीवी, प्रेस तथा राजनीतिक दलों पर था, जबकि आज प्रतिपक्ष का मुंह बंद रखने का यह प्रयास है। अब संसद द्वारा प्रतिपक्ष पर लगाए गए इस अंकुश के बाद कहा जा रहा है कि प्रतिपक्ष के बोलने के बाद यदि धरने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है तो फिर संसद की जरूरत ही क्या है? और यदि राज्य विधानसभाओं ने भी इसका अनुसरण किया तो भी आजादी की परिभाषा में से विधायिका की तो भूमिका ही खत्म हो जाएगी, इसीलिए संसद के इस फैसले को इंदिरा जी के आपातकाल से जोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है। अब इस फैसले को लेकर देश में यह अर्थ निकाला जा रहा है कि सरकार व उसका नेतृत्व चाहता है कि प्रतिपक्ष भी संसद-विधान सभाओं में सरकार व नेतृत्व का गुणगान ही करता रहे, जबकि प्रधानमंत्री मोदी जी ने कुछ ही दिनों पहले प्रतिपक्ष की महत्ता प्रतिपादित की थी। पिछले साढ़े आठ सालों से देश पर राज कर रही भाजपा अठारह महीनों बाद होने वाले आम चुनावों में भी बहुमत प्राप्त करने की अभी से तैयारी शुरू कर रही है, यदि 2024 के चुनावों में वह बहुमत प्राप्त कर लेती है तो उसके बाद 2029 में होने वाले चुनावों तक उसका कार्यकाल 15 साल का हो जाएगा, वैसे यहां यह जानना या याद रखना महत्वपूर्ण है कि मौजूदा माहौल में भाजपा के अतिरिक्त कोई ऐसा राजनीतिक दल नहीं है जो भारत का भविष्य बन सके, क्योंकि मुख्य प्रतिद्वन्दी दल कांग्रेस अपना वजूद दिनों दिन खोती जा रही है, इसके अलावा सभी दल क्षेत्रीय है, जो देश की राजनीति को प्रभावित या परिवर्तित नहीं कर सकते।

# हरियाली तीज पर, पिया मोय, सावन शुगन मनाऊंगी, भैया आयो मोय लिवावे, मैं पीहर कू जाऊंगी!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

रिमझिम वर्षा के बीच जब प्रकति हरी भरी होकर मंद मंद मुस्कुराती है तो हर किसी का मन प्रफुल्लित हो जाता है।फिर चाहे उमा हो या फिर सुनीता,रश्मि,रेखा, रचना,श्रद्धा,उर्वशी,गार्गी ,विदेही,सभी नारी शक्तियों का एक ही मन है कि सावन के इस महीने में पेड़ पर या फिर दलान में झूला डालकर उन्मुक्त हवाओ की सैर की जाए ।उनकी सोच है कि भारतीय संस्कृति से जुड़े सावन के लोकगीत गाकर अपनी संस्कृति को जिंदा रखने की हर संभव कोशिश होती रहे। गांव- गांव और शहर - शहर जैसे जैसे हरियाली तीज का त्यौहार नजदीक आता है, रिमझिम बारिश की फुहारों के बीच सावन की बहार भी आनी शुरू हो जाती है। लगभग हर गांव व हर शहर में पेड़ों पर या फिर घरो में झूले पड़े मिल जाते है। हालांकि जगह की कमी के चलते और संयुक्त परिवार के अभाव में अब झूले भी अतीत बनते जा रहे है। सावन की कभी गर्मी पड़ती है तो थोड़ी देर में ही बरसात आकर तन-मन को भिगो देती है। सावन का प्रिय व्यंजन घेवर है जिसे खाने-खिलाने की होड़ सी लगी रहती है। घेवर ही सावन माह की खास मिठाई है। मंदिरों में वेद,पुराण व भागवत की कथाएं चलती रहती है। भंडारे होना भी आम बात हैं। विवाहित महिलाएं अपने मायके आकर यह त्यौहार मनाने की कोशिश करती हैं तो नवविवाहिताओं को सिंधारा जिसे कोथली भी कहते है, भिजवाई जाती है। तीज चूंकि सावन माह का पर्व है और कल्याणकारी भगवान शिव की स्तुति, उपासना व प्रार्थना का दौर विशेष रूप से इस माह में चलता है।

सावन माह में जब प्रकृति ने हरियाली की चादर ओढ़ी होती है, तब हर किसी के मन में उन्मुक्तता के मोर नाचने लगते हैं7 पेड़ों की डाल पर या फिर घरो के दलान में झूले पड़ जाते हैं7 सुहागन स्त्रियों के लिए यह व्रत बहुत ही महत्वपूर्व है7 आस्था, सौंदर्य और प्रेम का यह उत्सव भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है7 चारों तरफ हरियाली होने के कारण इसे हरियाली तीज कहते हैं7 इस अवसर पर महिलाएं झूला झूलती हैं, गाती हैं और खुशियां मनाती हैं7महिलाएं इस दिन %उमामहेश्वरसायुज्य सिद्धये हरितालिका व्रतमहं करिष्ये% मंत्र का जाप करें7 पूजा शुरू करने से पूर्व काली मिट्टी से भगवान शिव और मां पार्वती तथा भगवान गणेश की प्रतिमा बनाकर स्थापित करे।फिर थाली में सुहाग की सामग्रियों को सजा कर माता पार्वती को अर्पण करें व भगवान शिव को उनके वस्त्र अर्पण करें।

तीज का कथासार है कि एक शिव पार्वती से कहते है, पार्वती तुमने मुझे अपने पति रूप में पाने के लिए 107 बार जन्म लिया, किन्तु मुझे पति के रूप में पा न सकीं7 108 वीं बार तुमने पर्वतराज हिमालय के घर जन्म लिया7 तुमने मुझे वर के रूप में पाने के लिए हिमालय पर घोर तप किया था7 इस दौरान तुमने अन्न-जल त्याग कर सूखे पत्ते चबाकर दिन व्यतीत किये। मौसम की परवाह किए बिना तुमने निरंतर तप करती रही7 तुम्हारी इस स्थिति को देखकर तुम्हारे पिता बहुत दुःखी और नाराज़ थे7 परन्तु तुम वन में एक गुफा के भीतर मेरी आराधना में लीन थी7 भाद्रपद तृतीय शुक्ल को तुमने रेत से एक शिवलिंग का निर्माण कर मेरी आराधना की जिससे प्रसन्न होकर मैंने तुम्हारी मनोकामना पूर्ण की7 इसके बाद तुमने अपने पिता से कहा कि 'पिताजी, मैंने अपने जीवन का लंबा समय भगवान शिव की तपस्या में बिताया है और भगवान शिव ने मेरी तपस्या से प्रसन्न होकर मुझे स्वीकार कर लिया है7 अब मैं आपके साथ एक ही शर्त पर चलूंगी कि



आप मेरा विवाह भगवान शिव के साथ ही करेंगे7÷ पर्वतराज ने तुम्हारी इच्छा स्वीकार कर ली और तुम्हें घर वापस ले गये7 कुछ समय बाद उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ विवाह किया7÷ ÷हे पार्वती! भाद्रपद शुक्ल तृतीया को तुमने मेरी आराधना करके जो व्रत किया था, उसी के परिणाम स्वरूप हम दोनों का विवाह संभव हो सका7 इस व्रत का महत्त्व यह है कि इस व्रत को पूर्ण निष्ठा से करने वाली प्रत्येक स्त्री को वांछित फल मिलता है7 भगवान शिव ने पार्वती जी को वरदान दिया कि इस व्रत को जो भी स्त्री पूर्ण श्रद्धा से करेंगी उसे तुम्हारी तरह अचल सुहाग की प्राप्ति होगी7सावन आते ही महिलाएं अपने भाई-भाभी व बहनो से मिलने की उम्मीद करने लगती हैं। वे अपने पति व सास से अपने मायके जाने की विनय प्रार्थना करने लगती हैं ।गीत भी है, बहुत दिना हो गए पिया मोय, सावन शुगन मनाऊंगी, भैया आयो मोय लिवावे, मैं पीहर कू जाऊंगी।वही सावन आने की प्रार्थना भी कुछ इस तरह से की जाती है,

कच्चे नीम की निबौरी, सावन जल्दी अईयो रे, अम्मा दूर मत दीजौ, दादा नहीं बुलावेंगे, भाभी दूर मत दीजौ, भइया नहीं बुलावेंगे।सावन में तीज पर झूले पर झूलती हुई किशोरियों को देखकर उनके मन की उन्मुक्तता का अहसास होता है। लड़कियां पेड़ व मुंडेरों पर बैठी हुई चिड़ियों को देखकर अपने मन के भाव को कुछ यूं प्रकट कर देती हैं , पेड़ पै दो चिड़ियां चूं-चूं करती जाएं, वहां से निकले हमारे भइया, क्या-क्या सौदा लाए जी, मां को साड़ी, बाप को पगड़ी और लहरिया लाए जी, बहन की चुनरी भूल आए, सौ-सौ नाम धराए जी। इसके अलावा, ÷राधा रानी के नथ पे मोर, नाचे थई-थई÷महिलाएं ससुराल में झूला झूलती है तो उनकी सहेलियां उनसे मज़ाक करने से भी नहीं चूकती। वे कहती हैं , दुरानी-जिठानी ताने मारती, हे री काहे की तेरी मात, काहे के तेरे वीर, तू झूले अपने सासरे री। झूला झूलती महिलाओं में कोई लंबी पीगें बढाती है तो कोई झोंटा देकर उन्हें हवा में उछालती हैं। महिलाएं गाती हैं, झूला तो पड़ गए अमुआं की डार पै । तीज पर मेंहदी रचाने का सबका जुनून रहता है। राधा-कृष्ण को भी कुछ इस तरह याद किया जाता है ,÷आया सावन, बड़ा मन भावन, रिमझिम सी पड़े फुहार, राधा झूल रही कान्हा संग,दिल हुआ बाग बाग।÷निश्चित ही सावन की तीज महिलाओं के लिए खास खुशी और उन्मुक्तता का पर्व है।जिसके माध्यम से विवाहिताओं का मायके से मिलन का भी अवसर बनता है।तीज के लोकगीतों में रची बसी भारतीय संस्कृति का लुप्त होते जाना व अब झूले न पड़ना चिन्ताजनक है ,इन्ही लोकपर्वों से समाज व देश को सुसंस्कृति की प्राण वायु मिलती है।यही वे पर्व है जो समाज मे एकता,प्रेम व बंधुत्व का संचार करते है।(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

## अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है ज्ञान

बुद्धि अच्छी चीज है, पर कोरी बौद्धिकता ही सब कुछ नहीं है। इससे व्यक्ति के जीवन में नीरसता और शुष्कता आती है। ज्ञान अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है, इसलिए यह अपने साथ सरसता लाता है। ज्ञानी व्यक्तियों के लिए पुस्तकीय अध्ययन की विशेष अपेक्षा नहीं रहती। भगवान महावीर ने कब पढ़ी थीं पुस्तकेंट आचार्य भिक्षु, संत तुलसी, संत कबीर अदि जितने ज्ञानवान पुरुष हुए हैं, उनमें कोई भी पंडित नहीं थे। अंतर्दर्शन उनकी ज्ञानमयी चेतना की स्फुरणा करता था। इसके आधार पर ही उन्होंने गंभीर तत्वों का विश्लेषण किया। वे यदि पुस्तकों के आधार पर प्रतिबोध देते तो संसार को कोई नया दृष्टिकोण नहीं दे सकते थे। एक बात और ज्ञातव्य है। विद्वान बहुत पढ़े-लिखे होते हैं, पर वे आज तक भी किसी ज्ञानी को पराजित नहीं कर सके। इंद्रभूति महापंडित थे। उनका पांडित्य विश्रुत था। पर वे भगवान महावीर की ज्ञान चेतना का अनुभव करते ही पराभूत हो गए। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। ज्ञान और बुद्धि की परस्पर कोई तुलना नहीं है। बुद्धि कुंड का पानी है और ज्ञान कुएं का पानी है। कुंड का पानी जितना है उतना ही रहता है। वर्षा होती है तो पानी थोड़ा बढ़ जाता है। इसी प्रकार अनुकूल सामग्री और पुरुषार्थ का योग होता है तो बुद्धि बढ़ जाती है। अन्यथा उसके विकास की कोई संभावना नहीं रहती। कुएं से जितना पानी निकाला जाता है, नीचे से और आता रहता है। वह कभी चुकता नहीं है, उसमें नए अनुभव जुड़ते जाते हैं। बुद्धि आवश्यक है किंतु उसके आधार पर कभी आत्म-दर्शन नहीं हो पाता। आत्म-दर्शन का पथ है ज्ञान। ज्ञान तब तक उपलब्ध नहीं होता जब तक ध्यान का अभ्यास न हो।

## देश की महामहिम ब्रह्माकुमारी द्रौपदी मुर्मु!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

यह सच है भगवान हर किसी की परीक्षा लेते है और जो कठिन से कठिन परीक्षा में भी विचलित न हो उसे भगवान सिर आंखों पर बैठा लेते है।द्रौपदी मुर्मु के साथ भी ऐसा ही हुआ।अपने पति और दो बच्चों को हमेशा के लिए खो चुकी द्रौपदी के जीवन मे एक समय ऐसा अंधकार आया था कि लग ही नही रहा था,कभी सवेरा भी होगा।लेकिन जैसे ही दौपदी मुर्मु प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सम्पर्क में आई और राजयोग का अभ्यास कर उनका सम्बंध सीधे भगवान से जुड़ा तो उनके जीवन में गहराया अंधकार हमेशा हमेशा के लिए छंट गया।द्रौपदी को तब तक यह ज्ञान भी हो गया था कि यह सृष्टि एक ड्रामा है जिसमे हम सब अपना अपना किरदार निभाने आए है।जिनका किरदार जितना है,वह उतने ही समय तक रह पाएगा और फिर सबको अपने वास्तविक घर परमधाम जाना है।इसी ज्ञान ने उन्हें जीवन मे प्रकाश दिया और वे देश,समाज व ईश्वरीय सेवा करने में सक्षम हुई।अपने संघर्ष पूर्ण जीवन के इस सुखद पड़ाव पर आकर वे सर्वोच्च पद पर आसीन हो रही है।25 जुलाई को द्रौपदी मुर्मू देश के 15वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगी।एक आदिवासी परिवार की महिला का देश के राष्ट्रपति पद तक पहुंचना इतना आसान नहीं था। क्योंकि उनका जीवन कई मुश्किलों से भरा रहा है,लेकिन वे सफर की हर मुश्किल को दूर करती चली गईं। द्रौपदी मुर्मू बेहद अनुशासनात्मक और साधारण जीवन जीती हैं। वे रोज सुबह 3 बजे उठ जाती हैं और अपना नियमित राजयोग का अभ्यास करती हैं। विकास महन्तो, द्रौपदी मुर्मू असाधारण रूप से मेहनती और समय की पाबंद हैं।वह जो भी काम करती हैं, उसके बारे में समय की पाबंद होती हैं। सुबह 3 बजे उठने के बाद राजयोग अभ्यास यानि परमात्मा की याद में बैठने के बाद वे नित्य कार्यो में जुट जाती है। फिर नाश्ता करती हैं और उसके बाद अखबार व कुछ आध्यात्मिक किताबें पढ़ती हैं। अध्यात्म विषयक यूट्यूब वीडियो भी देखती हैं। ब्रह्माकुमारी बहनों और भाइयों द्वारा दिए गए आध्यात्मिक ज्ञान से उनके जीवन में एक बड़ा बदलाव आया है। अपने दोनों बेटों को खोने के बाद, वह अंदर ही अंदर बहुत दुखी रहती थीं। राजनीति से भी दूर हो जाना चाहती थी, लेकिन जैसे ही वह ब्रह्मकुमारी संस्था में शामिल हुई और राजयोग का कोर्स किया, वह ठीक होने लगीं व फिर से काम पर वापस आ गई।÷ द्रौपदी अपने साथ ब्रह्माकुमारीज की किताबे रखती हैं। वह शुद्ध शाकाहारी हैं, प्याज और लहसुन तक नहीं खाती हैं। ओडिशा की विशेष मिठाई ÷चेन्ना पोड़ा÷ उनका पसंदीदा व्यंजन है। 21जून की शाम करीब 8 बजे उन्हें एक फोन आया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनसे बात करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने उन्हें बताया कि संसदीय बैठक के बाद उन्होंने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में उनका नाम रखने का फैसला किया है।शुरूआती कुछ सेकेंड के लिए वे काफी भावुक हो गई थीं। शायद उन्हें अपने पति और बेटों की याद आ रही थी।वह थोड़ा रोई, और फिर सामान्य हो गई क्योंकि यह खबर आते ही उनके यहां भीड़ एकत्र हो गई थी।÷ द्रौपदी मुर्मू आज जिस मुकाम पर हैं, वहां पहुंचने के लिए उन्होंने एक लंबा सफर तय किया है। सन 2009-2015 के बीच केवल छह वर्षों में, मुर्मू ने अपने पति, दो बेटों, मां और भाई को खो दिया था, लेकिन अपने जीवन में इतनी त्रासदियों के आने के बाद भी वे मुसीबतों से टकराती रही और आज वे देश की शीर्ष पद तक जा पहुंची हैं। ब्रह्माकुमारीज संस्थान के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय ने बताया कि 13 साल से मुर्मू नियमित तौर पर आबू रोड ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय आती हैं व आबू रोड के साथ ही माउंट आबू में होने वाले संस्थान के कार्यक्रमों में शामिल होती हैं। मृत्युंजय ने बताया कि उनके पहले बेटे की सन 2009 में मृत्यु हुई और फिर दूसरे साल उनके दूसरे बेटे की मृत्यु ने उन्हें हिलाकर रख दिया था। उन्होंने सन 2014 में पति को भी खो दिया था। इसके बाद वह अध्यात्म के ज्यादा करीब आ गईं। विधायक और झारखंड की राज्यपाल रहते हुए उन्होंने अध्यात्म के प्रचार-प्रसार में अहम योगदान दिया।31 जनवरी,सन 2016 और आठ फरवरी, सन 2020 को मूल्य शिक्षा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने आईं मुर्मू ने ब्रह्माकुमारीज में रहने वाले लोगों से व्यक्तिगत तौर पर संवाद किया । उनके राष्ट्रपति पद पर चुने जाने पर ब्रह्माकुमारीज संस्थान के सदस्यों में खुशी की लहर है।द्रौपदी मुर्मू ने शीघ्र ही ब्रह्माकुमारीज संस्थान आबू रोड आने का वादा भी किया है।

# बांग्लादेश में हिंसा

### सूडोकु नवताल- 6141

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6140 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

सिद्धार्थ शंकर

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा लगातार बढ़ती जा रही है। इसी कड़ी में अब नरैल नामक जगह पर एक सोशल मीडिया पोस्ट के चलते बवाल हो गया और हिंदू समुदाय के घरों व मंदिर में तोड़ फोड़ की गई। इसके विरोध में देश के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा है कि एक धर्मनिरपेक्ष देश में सांप्रदायिक हिंसा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है। आयोग ने गृह मंत्रालय से इसकी जांच की मांग की है। बांग्लादेश के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मांग की है कि क्या अवांछित हमले की स्थिति को रोकने में लापरवाही हुई और क्या पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने में उचित भूमिका निभाई। यह टिप्पणी बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले की खबरों के बाद आई है, जिसमें कथित सोशल मीडिया पोस्ट में इस्लाम को बदनाम करने की अफवाह है। रिपोर्ट के अनुसार यह सब तब हुआ जब शुक्रवार को नरैल स्थित सहपारा इलाके में हिंदू अल्पसंख्यकों के घरों में आग लगा दी गई। बांग्लादेश में बढ़ता कट्टरपंथ और अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की वारदातें कोई नई नहीं हैं लेकिन इस बार चिंता की बात यह है कि हिंसा की घटनाएं अब तक एक सीमित इलाकों में होती आई थीं लेकिन अब बड़े इलाकों तक इसकी आंच पहुंच गई है। जमात-ए-इस्लामी, हिफाजत-ए-इस्लाम जैसे



संगठनों का प्रभाव पिछले कुछ सालों में बांग्लादेश में तेजी से बढ़ा है और सेकुलर छवि वाले कई फैसलों और पहचानों के खिलाफ ये संगठन दबाव की रणनीति के तहत सरकार से कई फैसले बदलवाने में भी सफल रहे हैं। बांग्लादेश के अलग-अलग इलाकों में इनका प्रभाव बढ़ रहा है तो अल्पसंख्यकों के लिए खतरा भी बढ़ता ही जा रहा है। बांग्लादेश से अब तक लगभग 2.4 करोड़ हिंदू पलायन कर चुके हैं। वर्ष 1964 से 2013 के बीच रोजाना लगभग 600 से ज्यादा हिंदू देश छोड़कर गए। यह क्रम अब भी जारी है। यदि ऐसा ही रहा तो आने वाले 30 साल में बांग्लादेश में कोई हिंदू नहीं बचेगा। साल 1971 में बांग्लादेश के जन्म होने के साथ ही हिंदू समुदाय के साथ मार-पीट शुरू हो गई थी। बांग्लादेश के जन्म होने के बाद 1974 में जनगणना हुई थी। इसके मुताबिक देश में 1974 में 13.5 फीसदी हिंदू थे, लेकिन वर्ष 2011 में देश में महज 8.5 प्रतिशत हिंदू ही रह गए थे। 2011 से 2021 तक इसमें करीब तीन फीसदी की और गिरावट आ चुकी है। आलम यह है कि हिंदुओं की संख्या साल-दर-साल घटती जा रही है। पाकिस्तान से अलग देश बनने के बाद से हिंदुओं पर अत्याचार बढने लगे थे। इसके बाद से ऐसा कोई साल नहीं जब अल्पसंख्यक समुदाय को हमले का सामना न करना पड़ा हो। पिछले नौ साल में हिंदुओं पर 3600 से ज्यादा हमले हुए हैं। ये मानवाधिकार संगठनों का आंकड़ा है। बांग्लादेश में 1990, 1995, 1999, 2002 में बड़े दंगे हुए थे। इनमें हिंदुओं को ही निशाना बनाया गया था। अब तो बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों में तोडफ़ोड़ करना, हिंदुओं के घर जलाना, बच्चों और लड़कियों का अपहरण, दुष्कर्म जैसी वारदात यहां आम हो गई हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की मुख्य वजह उनकी जमीन हड़पने की कोशिश है। दरअसल, यहां के हिंसा के पैटर्न में देखा गया है कि बहुसंख्यक आबादी गरीब हिंदुओं के घर जला देती है। घर जलने से ये हिंदू परिवार पलायन करने को मजबूर होते हैं और जब वे पलायन कर जाते हैं तो उनकी जमीन पर ये लोग कब्जा कर लेते हैं। वर्ष 2016 में बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर एक किताब आई थी। उस किताब में दावा किया गया था कि अगले करीब तीन दशक में बांग्लादेश से हिंदुओं का नामोनिशान मिट जाएगा।

## इन छापों का नैतिक औचित्य?

वेदप्रताप वैदिक

इस समय केंद्र सरकार कई सेठों और नेताओं के यहाँ छापे डलवा रही है। इसमें सामान्यतया कोई बुराई नहीं है, क्योंकि अब से लगभग तीन सौ साल पहले फ्रांसीसी विद्वान सेंट साइमाँ ने जो कहा था, वह आज भी बहुत हद तक सच है। उन्होंने कहा था कि %%समस्त संपत्ति चोरी का माल होती है।'' फिलहाल उनके इस दार्शनिक कथन की गहराई में उतरे बिना हम यह मानकर चल सकते हैं कि कुछ हेरा-फेरी किए बिना बड़ा माल-ताल कमाना मुश्किल ही है। उद्योग और व्यापार में तो पैसा बनाने के लिए कई वैध और अवैध तरीके अपनाने ही पड़ते हैं लेकिन राजनीति में भ्रष्टाचार किए बिना पैसा बनाना असंभव है और लोकतंत्र की चुनावी राजनीति तो मोटे पैसे के बिना साँस भी नहीं ले सकती। पिछले 77-75 साल में मैं ऐसे कई नेताओं को जानता रहा हूँ, जिसके पास खाने और पहनने की भी ठीक-ठाक व्यवस्था नहीं थी लेकिन आज वे करोड़ों के मालिक हैं। पैसे के खेल ने दुनिया के सारे लोकतंत्रों को खोखला कर दिया है। भारतीय लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा है, इसलिए इसकी साफ-सफाई के लिए मोदी सरकार जो कार्रवाइयाँ कर रही है, वह सराहनीय है लेकिन सवाल यह है कि ये सब कार्रवाइयाँ विरोधी दलों के नेताओं और सिर्फ उन सेठों के खिलाफ क्यों हो रही हैं, जो कुछ विरोधी दलों के साथ नत्थी रहे हैं? यदि सोनिया गांधी के खिलाफ जाँच हो रही है तो क्या अन्य सभी दलों के नेता दूध के धुले हुए हैं? सभी दलों के नेताओं के यहाँ छापे क्यों नहीं पड़ रहे हैं? यदि नरेंद्र मोदी कुछ भाजपा के नेताओं के यहाँ भी छापे डलवाने की हिम्मत कर लें तो वे भारत के विलक्षण और एतिहासिक प्रधानमंत्री माने जाएंगे। भाजपा के कई मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को उनके पद से हटाया जाना काफी नहीं है। उनकी जाँच करवाना और दोषी पाए जाने पर उन्हें सजा दिलवा दी जाए तो भारतीय राजनीति में स्वच्छता का शुभारंभ हो सकता है। कहते हैं कि मालवा की महारानी अहिल्याबाई ने अपने पुत्र को ही दोषी पाए जाने पर हाथी के पाँव के नीचे कुचलवा दिया था। मेरे मित्र एक कांग्रेसी प्रधानमंत्री ने मुझसे पूछा कि चुनाव जीतने के लिए कोई मंत्र बताइए। मैंने तीन मंत्र बताए। उसमें पहला मंत्र यही था कि भ्रष्ट कांग्रेसियों के यहाँ आप छापे डलवा दीजिए। आप भारत के महानायक बन जाएँगे। लेकिन जो सरकार सिर्फ अपने विरोधियों के यहाँ ही छापे डलवाती है और उन नेताओं और सेठों को छुट्टा छोड़ देती है, जो उसके अपने माने जाते हैं।

# चम्बल के विद्यार्थियों में ऊर्जा की प्रचुरता से क्षमताओं की कमी नहीः चंदोरिया

### हाईस्कूल विद्यार्थियों के लिये जेके टायर ने कैरियर काउंसलिंग वर्कशॉप का किया आयोजन





**मुरैना।** हाईस्कूल की शिक्षा पश्चात ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट भविष्य की दिशा तय करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। विशेषकर बालिका व उनके परिजन असमंजस की स्थिति में रहते हैं। यह विचार व्यक्त करते हुये बानमोर एसडीओपी श्रीमती दीपाली चंदोरिया ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला आज के दौर में अत्यधिक आवश्यक है। उन्होंने अंचल के विषय में उपस्थित बालिकाओं व अतिथियों को अवगत कराया कि चम्बल के विद्यार्थियों में ऊर्जा की भरपूर मात्रा है। जिससे यहां क्षमताओं की कमी नहीं है।

उन्होंने नंदनी अग्रवाल व ईशासिंह का उल्लेख करते हुये कहा कि अंचल की बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा व खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उच्च स्थान प्राप्त किये हैं। श्रीमती चंदोरिया जेके टायर द्वारा आयोजित कैरियर काउंसलिंग वर्कशॉप के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उन्होंने बालिकाओं से अपेक्षा की कि इस कार्यशाला के माध्यम से वह अपने जीवन की दिशा तय कर बेहतर भविष्य का निर्माण करें। इससे उनके गांव, जिला व देश के साथ माता-पिता का नाम रोशन होगा। दो दिवस के दौरान नूराबाद के एकीकृत शासकीय कन्या हाईस्कूल, बानमोर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय पंडित नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवाया रोड़ बानमोर, अशासकीय सेन्टपॉल उमावि में इन कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा। जे के टायर प्रबंधन द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यशाला में उपस्थित मुरैना जिला शिक्षा केन्द्र के परियोजना समन्वयक दिनेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों से कहा कि लगभग 40 वर्ष पूर्व बेहतर जीवन के लिये विद्यार्थियों के पास पुलिस में आरक्षक, थानेदार, राजस्व में पटवारी तथा कृषि के क्षेत्र में ग्रामसेवक के पद का ही विकल्प था। हाईस्कूल शिक्षाध्यन के दौरान विद्यार्थियों को यह समझ नहीं होती कि उन्हें किस मार्ग पर जाना है। आज के दौर में विद्यार्थियों के पास अनेक विकल्प हैं। इस विकल्पों में से अपने बेहतर जीवन के लिये एक का चयन करना आवश्यक है। जेके टायर के वाईस प्रेसिडेंट आईआर एण्ड सीएसआर बीएस डागर ने इस कार्यशाला के संबंध में बताया कि कम्पनी द्वारा देश में अपनी सभी इकाईयों के क्षेत्र में हाईस्कूल विद्यार्थियों को जीवन की दिशा तय करने के लिये अभियान संचालित किया है। इसमें बेटियों को प्राथमिकता दी गई है। जेके टायर के उप महा प्रबंधक एच आर अमित पचौरी ने बताया कि कंपनी द्वारा आरंभ किये गये सभी कार्यों को दृढ़ता के साथ पूर्ण किया जाता है। उन्होंने बालिकाओं से भी अपील की कि वह अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिये शिक्षा के क्षेत्र में अपनी दिशा अवश्य तय करें व इसकी योजना बनाना आरंभ करें। इस कार्यशाला की भूमिका पर दिल्ली यूनिवर्सिटी की प्राध्यापक एवं बूमेन चेम्बर ऑफ कॉमर्स की अध्यक्ष डा. चन्द्रकांता के माथुर ने प्रकाश डालते हुये कहा कि विषम परिस्थितियों में विद्यार्थियों को सफल होने के लिये निरंतर प्रयास करना चाहिए। जीवन का मार्ग तय करने के लिये इन कार्यशालाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। यही विद्यार्थी बेहतर मार्ग का चयन कर परिवार व देश का भविष्य बनते हैं। कार्यशाला में जेके टायर बानमोर के एसके भार्गव महाप्रबंधक वाणिज्य, विजय सिंह महाप्रबंधक उत्पादन ने अपने विचार से विद्यार्थियों को जागरूक करने का कार्य किया। कार्यशाला में कंपनी के सलाहकार पी कुलकर्णी, ग्राम पंचायत नूराबाद के सरपंच कप्तान सिंह गुर्जर, जेके टायर यूनियन के महासचिव केएस मावई, जिला शिक्षा केन्द्र के असि. प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर एकेडेमिक पंकज शर्मा सहित जेके टायर कम्पनी के अधिकारी कर्मचारी व विद्यालय की सैकड़ों छात्रायें उपस्थित थीं।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में टीएसएस स्कूल के 7 बच्चे बने जिले में टॉपर

### -विद्यालय संचालक के पुत्र अथर्व ने 10वीं में प्राप्त किए 97 प्रतिशत अंक





**मुरैना।** शहर के अग्रणी सीबीएसई टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड के कक्षा 10 एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में जिले में टॉप स्थान बनाया है, वहीं टीएसएस के संचालक सुरेंद्र प्रताप सिंह सिकरवार के पुत्र अथर्व सिकरवार ने दसवीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान बनाया है। कक्षा 12वीं में टी एस एस की छात्रा कु. अंजली शर्मा ने 94.4 प्रतिशत, ईशा यादव ने 94 प्रतिशत, कृष्णा गुप्ता ने 93.6 प्रतिशत एवं अवनी जैन ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल व जिले में टॉप किया है। इसी प्रकार कक्षा 10 में अथर्व सिकरवार 97 प्रतिशत, प्रांजल बंसल ने 90.5 प्रतिशत एवं सजल अग्रवाल ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप किया है। विद्यालय परिवार द्वारा सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों में कक्षा 10 एवं 12 वी में 7 बच्चों के उत्तीर्ण होने पर बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि टीएसएस विद्यालय के बच्चे पिछले कुछ वर्षों से लगातार सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

# आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन साप्ताहिक कार्यक्रम का समापन

**मुरैना।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण भारतीय रेल सहित झाँसी मंडल में मनाये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आजादी का स्टेशन और रेलगाडी साप्ताहिक कार्यक्रम का समापन शनिवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत रेल मंत्रालय से प्रसारित केंद्रीयकृत कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी स्टेशन सहित चयनित स्टेशनों पर किया गया। झाँसी स्टेशन पर कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वतंत्रता सेनानी का भव्य स्वागत कर किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के संस्मरण उनके परिजनों द्वारा सांझा किये गए। इसके साथ ही रेलवे बोर्ड से केन्द्रीयकृत कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें देशभक्ति से जुडे मंगल पाण्डेय, गांधीजी आदि स्वतंत्र सैनानियों पर आधारित कार्यक्रमों पर नाटक मंचन को विशेष रूप से सराहा गया। कार्यक्रम के अंत में झाँसी मंडल द्वारा स्वतंत्रता सेनानी के उपस्थित परिवारजन में श्रीमती लक्ष्मी राय पत्नी स्व. भैरो प्रसाद राय (स्वतंत्रता सैनानी), गिरिजा शंकर राय पौत्र भैरो प्रसाद राय (स्वतंत्रता सेनानी), आदित्य नारायण दुबे पुत्र स्व. बाबूलाल दुबे एवं रामप्रकाश पाठक पुत्र प्यारे लाल पाठक को मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष द्वारा शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल स्क्रीन्स के माध्यम से देश भक्ति से सम्बंधित विडियो चलाये गए, जिससे आमजन को राष्ट्र व देश भक्ति का भाव जाग्रत हुआ। विभिन्न बोर्ड्स, स्टेंडी, फ्लेक्स बोर्ड्स सेल्फी पॉइंट के माध्यम से झाँसी से जुड़े महापुरुषों एवं उनसे जुडी घटनाओं का उल्लेख किया गया । इसके अतिरिक्त ऑडियो एवं वीडियों क्लिपिंग्स के माध्यम से जन-जन तक महापुरुषों के योगदान को पहुँचाने का प्रयास कर जनभागीदारी सुनिश्चित की गयी । विभिन्न आयोजनों जैसे नुक्कड़ नाटक, देश भक्ति गीत, काव्य पाठ आदि से अपने देश के गौरव में इतिहास को श्रद्धांजलि दी गयी। स्टेशन पर बनाये गए स्टेज तथा सेल्फी प्वाइंट पर यात्री एवं शहरवासी सेल्फी लेकर आजादी के अमृत महोत्सव की स्मृतियों को अपने साथ संजोया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) दिनेश वर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) विवेक मिश्र, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता तथा एवं सभी शाखाधिकारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का आनंद लिया।

### मुस्लिम जन एकता मंच ने नवनिर्वाचित पार्षदों की जीत पर जताया हर्ष

**मुरैना।** नगरीय निकाय चुनावों में मुस्लिम समाज के समस्त राजनीतिक दलों एवं निर्दलीय निर्वाचित हुए पार्षदों को मुस्लिम जन एकता मंच जिला मुरैना द्वारा नगर निगम मुरैना से वार्ड क्रमांक 32 से रेशमा बानो इस्लाम खान कांग्रेस पार्टी, नगर परिषद कैलारस से डॉक्टर शम्मा कुरेशी कांग्रेस पार्टी वार्ड क्रमांक 12, दरोगा खान निर्दलीय वार्ड क्रमांक 6, नगर पालिका सबलगढ़ से-मनीषा जावेद कुरेशी निर्दलीय वार्ड क्रमांक 7, रचना अशरफ खान निर्दलीय वार्ड क्रमांक 6, नगर परिषद झुंडपुरा से-सुल्तान खान कांग्रेस पार्टी वार्ड क्रमांक 10, नगर परिषद बानमोर से-गुड्डी बेगम भाजपा वार्ड क्रमांक 4, नगर परिषद जौरा से-सायरा इस्ताक खान निर्दलीय वार्ड क्रमांक 15, नगर पालिका पोरसा से-हाजी अनवर खान पठान कांग्रेस पार्टी वार्ड क्रमांक 3, से नवनिर्वाचित पार्षदों को मुस्लिम जन एकता मंच की और से हर्ष जताया है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। हर्ष जताने वालों में प्रमुख रूप से-तस्लीम खान जिलाअध्यक्ष, शकील उस्मानी, इकबाल कुरैशी उर्फ मोनू भाई संरक्षक मुस्लिम जन एकता मंच, यासमीन बेगम फखरुद्दीन खान पूर्व जिला उपाध्यक्ष वक्फ कमेटी वक्फ बोर्ड मध्य प्रदेश शासन कैलारस, डॉ एच. ए. मंसूरी पूर्व सचिव जिला वक्फ कमेटी, एहसान अली पूर्व सरपंच सबलगढ़, रफीक खान मुरैना मीडिया प्रभारी, इलियास खान पठान पूर्व जिला उपाध्यक्ष पोरसा आदि समाजसेवी ,बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि शामिल है।

## अंशुल ने अपनी मेहनत से सीबीएसई दसवीं में प्राप्त किए 90 प्रतिशत अंक



**मुरैना।** जिले की अंबाह तहसील के निवासी अंशुल ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल और कस्बे का नाम रोशन किया है। अंबाह स्थित अशोका ग्लोबल स्कूल कक्षा 10 वी के छात्र अंशुल ने 90 प्रतिशत अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की। बताया जाता है कि अंशुल के पिता का काफी वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो चुका है और उसने बिना किसी कोचिंग के स्वयं मेहनत कर पढ़ाई की। परिणाम स्वरूप सीबीएसई बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए अंबाह नगर का नाम रोशन किया है।



### आर्यन ने सीबीएसई हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्राप्त किए 87.4 प्रतिशत मार्क

**मुरैना।** शुक्रवार को घोषित सीबीएसई हाईस्कूल एवं हायर सेकेडरी परीक्षा परिणाम मैं जिले के अनेक बच्चों ने अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसी श्रंखला में सेंट मैरी स्कूल मैं अध्ययनरत हायर सेकेंडरी के छात्र आर्यन दीक्षित पुत्र अनिल दीक्षित पत्रकार के पुत्र ने पीसीएम 87.4 मार्क प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। आर्यन ने अपनी इस सफलता पर अपने गुरुजन एवं परिवार का सहयोग के लिए आभार जताया है, वहीं सभी ने आर्यन दीक्षित के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्थाएं शून्य, आरम्भ कर दी ऑनलाइन चालानी कार्यवाही

### दो दशक बाद भी शहर में यातायात संकेतक नहीं हुए आरंभ

**मुरैना।** राज्य सरकार नए नए कानून आम जनता पर थोप रही है, लेकिन व्यवस्थाएं शून्य है। अब बड़े शहरों की तर्ज पर मुरैना में भी ऑनलाइन चालानी कार्रवाई करने का नियम आरंभ कर दिया गया है, जबकि मुरैना में कहीं भी कोई यातायात संकेतक नहीं लगा है और ना ही पार्किंग कि कहीं कोई व्यवस्था है, फिर किस आधार पर पुलिस लोगों के चालान करना चाहती है। ऐसी परिस्थितियों में पुलिस और आमजन के बीच आए दिन विवाद होने की संभावना बढ़ जाएगी। पुलिस अधिकारियों द्वारा मुरैना में ऑनलाइन चालानी कार्रवाई आरंभ तो कर दी गई है, मगर यह कब तक चलेगी कहा नहीं जा सकता। मुरैना मुख्यालय ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है और ज्यादातर ग्रामीण शहर में आते हैं, उन्हें यातायात नियमों का पता भी नहीं है। ऐसे में पुलिस नियमों का पालन कैसे करा पाएगी, यह समझ से परे है, लेकिन ऑनलाइन चालानी कार्रवाई से आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित होगी, यह तय है।





**यातायात नियमों का उल्लंघन करनें पर होंगे आनलाईन चालानः** बड़े शहरों की तर्ज पर अब मुरैना में भी यातायात पुलिस को 50 से भी अधिक ई-चालान पीओएस मशीन पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रदान कर दी गई हैं, अब मुरैना यातायात पुलिस भी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करनें वालों पर आनलाईन चालानी कार्यवाही कर सकेगी।

**यह होगी प्रक्रियाः** यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये जानें पर वाहन की फोटो ई-चालान मशीन से खींच ली जायेगी, जिससे वाहन की सम्पूर्ण जानकारी मशीन व्दारा स्वयं ही अपलोड कर ली जायेगी।

**इस तरह होगी चालानी प्रक्रियाः** जैसे ही मशीन व्दारा सम्पूर्ण जानकारी अपलोड कर ली जायेगी वैसे ही उल्लंघन करनें वाले व्यक्ति को कैश, कार्ड या क्यू.आर. कोड से भुगतान करना आवश्यक होगा, यदि मौके पर भुगतान नही किया गया तो सम्बंधित ब्यक्ति/वाहन की बिना भुगतान की प्रोसेस कर दी जायेगी और चालक/वाहन स्वामी के मोबाइल पर आनलाईन भुगतान सम्बंधित लिंक अपनें आप ही सेंड हो जायेगी।

**लिंक पर भुगतान न करनें पर यह होगी कार्यवाहीः** आनलाईन लिंक पहुचनें पर यदि चालक/वाहन स्वामी व्दारा 15 दिवस में भुगतान नहीं किया गया तो वह अपने आप वर्चुअल कोर्ट में ट्रांसफर हो जायेगा और अगले 15 दिनों बाद फिजिकल कोर्ट में। कोर्ट में पेश न होनें पर वाहन अपनें आप ब्लैक लिस्टेड हो जायेगा।

# स्वचछता पखवाड़े के दोरान श्रमदान एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित




**भिण्ड।** कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान भिण्ड द्वारा स्वच्छता पखवाडे के अन्तर्गत श्रमदान व पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में संस्थान की प्रबंध कारिणी उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मि मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रही। जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संतोष दुबे द्वारा बताया गया कि आयोजित कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान कार्यालय पर संस्थान के कर्मचारियों द्वारा कार्यालय परिसर पर पुराने सामान व रिकॉर्ड की साफ सफाई की गयी। साथ ही उपस्थित लाभार्थियो को स्वचछता का महत्व बताते हुये व्यक्तिगत स्वच्छता व परिवेश स्वच्छता पर बल दिया गया। श्री दुबे ने सभी उपस्थितजनों को शपथ दिलाई कि स्वच्छता का हम हमेशा ख्याल रखेगे व अपने घर के अन्दर व आसपास का वाताबरण स्वच्छ रखेगे, प्रदूषण को रोकने का प्रयास करेगे व पर्यावरण की शुद्धता के लिए बृक्षो का संरक्षण करने व नये बृक्ष लगाएगें अतः स्वच्छ भारत स्वथ्य भारत हमारा ध्येय है। प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए प्रयास करेगें व स्वयं भी उपयोग नही करेगें। अपने आस पास सभी लोगो से शौचालय का शत्-प्रतिशत उपयोग करने के लिए कहेगे। खुले में शौच बन्द होना चाहिये जिससे बातावरण प्रदूषित न हो अन्त में सभी लोगो ने शपथ ली कि हम स्वयं भी स्वच्छता रखेगे व दूसरो को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करेगें। कार्यक्रम के अन्त में गौरी सरोवर के किनारे महर्षि बाल्मीकी आश्रम पर बृक्षारोपण किया गया व बृक्षो की महत्ता को बताया गया।

# अवैध बंदूक एवं कारतूस लेकर घूमने वाले को 01 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** अवैध बंदूक एवं कारतूस लेकर घूमने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील अंबाह जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी उमाशंकर शर्मा पुत्र महेश शर्मा, उम्र-25 वर्ष, निवासी खडीत थाना अटेर जिला भिण्ड को आयुध अधिनियम की धारा 25(1-बी)(ए) में दोषी पाते हुये 01 वर्ष के सश्रम कारावास व एक हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि थाना अंबाह के उप-निरीक्षक द्वारा 03 सितम्बर 2012 को समय 00:20 बजे मय फोर्स के साथ शासकीय वाहन से रोड पर गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान पोरसा रोड पेट्रोल पंप के पास वाहन लाईट में एक व्यक्ति बंदूक लिये हुये दिखा तो वह व्यक्ति पेट्रोल पंप की दीवाल की ओट में हो गया। उप-निरीक्षक द्वारा अपनी गाडी रोकी तो वह व्यक्ति भागने लगा जिसे फोर्स के साथ दौडकर पकडा, उसका नाम, पता पूछा तो उसने अपना नाम उमाशंकर शर्मा पुत्र महेश शर्मा, निवासी खडीत थाना अटेर जिला भिण्ड का होना बताया। जिसके पास एक 12 बोर की डल बेरल तथा एक बिन्डोरिया में 08 कारतूस 12 बोर के जिन्दा मिले। उक्त बंदूक एवं कारतूस रखने का लायसेंस चाहा तो उसने न होना बताया। आरोपी रात में किसी बारदात करने की नीयत से घूमते हुये मिला। मौके पर आवश्यक कार्यवाही उपरांत थाने वापस आकर आरोपी के विरूद्ध अपराध अंतर्गत आयुध अधिनियम के पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी सोवरन सिंह माहौर, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी तहसील अंबाह द्वारा की गई।

### सिविल न्यायालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण




**मुरैना।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं अनुज त्यागी जिला न्यायधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति जौरा की अध्यक्षता में पंचज अभियान के अंतर्गत सिविल न्यायालय मैं वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण शहर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान तरह-तरह के पौधे न्यायिक मजिस्ट्रेट सुषमा त्रिपाठी एवं संध्या गर्ग सहित अन्य न्यायालय कर्मचारियों द्वारा लगाएं गए। इस अवसर पर सुश्री त्रिपाठी एवं सुश्री गर्ग ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा एवं बढ़ावा देने के लिए वृक्षारोपण अत्यावश्यक है। जगह जगह इस बरसात के मौसम में भी वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन करते रहना चाहिए।

# 24 जुलाई पुण्य तिथि पर विशेषः नरसिंहगढ़ रियासत के राजकुमार कुंवर चैन सिंह की पुण्य स्मृति पर होगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**रघुवर दयाल गोहिया पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल/सीहोर।** मध्य प्रदेश में भोपाल के निकट स्थित नरसिंहगढ़ रियासत के राजकुमार कुंवर चैन सिंह 24 जुलाई 1824 को अंग्रेज हुकूमत के विरुद्ध लड़ते हुए अपने 54 विश्वस्त साथियों के साथ वीर गति को प्राप्त हुए थे। इनमें हिम्मत खां और बहादुर खां के नाम प्रमुख हैं। साथ ही इस युद्ध में चैन सिंह के साथ आई वीरांगना उमेदा बाई भी शहीद हुई थीं जिनके बारे में कहा जाता है कि वह युद्ध कला में निपुण होने के साथ साथ कुशल नृत्यांगना भी थीं। इस युद्ध में सभी जाति, वर्ग और धर्म के वीर योद्धा शामिल हुए थे।

1857 के सशस्त्र स्वाधीनता संग्राम से लगभग 33 वर्ष पूर्व की यह घटना कुंवर चैन सिंह को मालवा अंचल के पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में प्रतिष्ठित करती है। शहीद चैन सिंह को लेकर भोपाल दूरदर्शन केंद्र ने कुछ साल पहले एक शार्ट मूवी भी प्रदर्शित की थी। संवत 1951 में बुद्धा सिंह ने *कुंवर चैन सिंह जी का ख्याल* नाम से भी एक पुस्तक लिखी है। जिसमें सीहोर में हुए युद्ध का विस्तार से वर्णन है। यह पुस्तक अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता संग्रहालय एवं शोध संस्थान में सुरक्षित है। इसके अलावा इनोवेंट सेडेट स्टूडेंट सोसायटी भोपाल ने साल 2013 में शहीद भवन के सभागार में ÷अलख÷ नाम से एक नाटक का मंचन भी किया था। जिसका निर्देशन प्रखर सक्सेना ने किया था। इस नाटक में चैन सिंह की भूमिका शाजापुर जिले की कालापीपल तहसील के युवा रंगकर्मी प्रशांत विलय ने निभाई थी।

कुंअर चैन सिंह पर अनेक लोगों ने काफी कुछ लिखा है। इसके बाद भी अभी उनके बारे में गहराई के साथ शोध कार्य होना अभी बाकी है। मध्य प्रदेश सरकार ने वर्ष 2015 से सीहोर स्थित कुंवर चैन सिंह की छतरी पर गार्ड ऑफ ऑनर प्रारम्भ किया है। हालांकि पिछले साल गार्ड ऑफ ऑनर नहीं दिया गया था। इस दिन यहां अमर शहीदों का पुण्य स्मरण किया जाता है और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये जाते हैं। इसके अलावा राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में भी 24 जुलाई को राज घराने के छार बाग स्थित कुंअर चैन सिंह के समाधि स्थल पर भी हर साल श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

**फौजी छावनी नहीं होती तो शहादत भी न होतीः** सन 1818 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने भोपाल रियासत के तत्कालीन नवाब से समझौता कर सीहोर में एक हजार सैनिकों की



छावनी स्थापित की। कंपनी द्वारा नियुक्त पॉलिटिकल एजेंट मैडॉक को इन फौजियों का प्रभारी बनाया गया। इस फौजी टुकड़ी का वेतन भोपाल रियासत के शाही खजाने से दिया जाता था। समझौते के तहत पॉलिटिकल एजेंट मैडॉक को भोपाल सहित नरसिंहगढ़, खिलचीपुर और राजगढ़ रियासत से संबंधित राजनीतिक अधिकार भी सौंप दिए गए। बाकी तो चुप रहे, लेकिन इस फैसले को नरसिंहगढ़ रियासत के



युवराज कुंवर चैन सिंह ने गुलामी की निशानी मानते हुए स्वीकार नहीं किया।

**अंग्रेज परस्त दीवान और मंत्री की हत्या का आरोपः** रियासत के दीवान आनंदराम बख्शी और मंत्री रूपराम बोहरा अंग्रेजों से मिले हुए थे। यह पता चलने पर कुंवर चैन सिंह ने इन दोनों को मार दिया। मंत्री रूपराम के भाई ने इसकी शिकायत कलकत्ता स्थित गवर्नर जनरल से की, जिसके निर्देश पर पॉलिटिकल एजेंट मैडॉक ने कुंवर चैन सिंह को भोपाल के नजदीक बैरसिया में एक बैठक के लिए बुलाया। बैठक में मैडॉक ने कुंवर चैन सिंह को हत्या के अभियोग से बचाने के लिए दो शर्तें रखीं। पहली शर्त थी कि नरसिंहगढ़ रियासत, अंग्रेजों की अधीनता स्वीकारे। दूसरी शर्त थी कि क्षेत्र में पैदा होने वाली अफीम की पूरी फसल सिर्फ अंग्रेजों को ही बेची जाए।

**सीहोर आने का दिया आदेशः** कुंवर चैन सिंह द्वारा दोनों ही शर्तें ठुकरा देने पर मैडॉक ने उन्हें सीहोर पहुंचने का आदेश दिया। अंग्रेजों की बदनीयती का अंदेशा होने के बाद भी कुंवर चैन सिंह नरसिंहगढ़ से अपने विश्वस्त साथी सारंगपुर निवासी हिम्मत खां और बहादुर खां सहित 54 सैनिकों के साथ सीहोर पहुंचे। जहां पॉलिटिकल एजेंट मैडॉक और अंग्रेज सैनिकों से उनकी जमकर मुठभेड़ हुई। कुंवर चैन सिंह और उनके मुट्ठी भर विश्वस्त साथियों ने शस्त्रों से सुसज्जित अंग्रेजों की फौज से डटकर मुकाबला किया। घंटों चली लड़ाई में अंग्रेजों के तोप खाने ओर बंदूकों के सामने कुंवर चैन सिंह और उनके जांबाज लड़ाके डटे रहे।

**अष्ट धातु की तोप काट दी थी तलवार के प्रहार सेः** ऐसा कहा जाता है कि युद्ध के दौरान कुंवर चैन सिंह ने अंग्रेजों की अष्ट धातु से बनी तोप पर अपनी तलवार से प्रहार किया जिससे तलवार तोप को काटकर उसमे फंस गई। मौके का फायदा उठाकर तोपची ने उनकी गर्दन पर तलवार का प्रहार कर दिया जिससे कुंवर चैन सिंह की गर्दन रण भूमि में ही गिर गई और उनका धड़ काफी देर तक लड़ता रहा7 कुंवर चैन सिंह की धर्म पत्नी कुंवरानी राजावत जी ने उनकी याद में नरसिंहगढ़ स्थित परशुराम सागर के पास एक मंदिर भी बनवाया जिसे कुंवरानी जी के मंदिर के नाम से जाना जाता है।

**भारत जोड़ो आन्दोलन की महती भूमिकाः** नरसिंहगढ़ रियासत के राजकुमार कुंवर चैन सिंह की स्मृति को अक्षुण बनाए रखने में भारत जोड़ो आन्दोलन के संस्थापक संयोजक डा. बलबीर तोमर और साथियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके बिना इस आयोजन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इस बार भी रविवार को कुंवर चैन सिंह स्मारक पर संगठन के माध्यम से सुबह 11 बजे श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया किया गया है। सभी देशभक्त नागरिकों से श्री तोमर ने श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## नगर पालिका परिषद शिवपुरी के नवनिर्वाचित पार्षदों और जोरदार टक्कर देने वाले पार्षदों का रवि कुशवाहा ने किया स्वागत

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** हाल ही में हुए नगर पालिका परिषद के चुनावों में जीत कर आए नए पार्षदों का स्वागत अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के महामंत्री रवि कुशवाहा ने सभी नवनिर्वाचित पार्षदों का स्वागत अपने निज निवास नवाब साहब रोड पर किया नवनिर्वाचित पार्षदों में वार्ड नंबर 11 से पार्षद श्रीमती नीलम बघेल वार्ड नंबर 20 से पार्षद विजय शर्मा नवनिर्वाचित पार्षद राम सिंह यादव 21 वर्ष की आयु में पार्षद बने युवा वेदांत सविता कोलारस नगर परिषद से पार्षद वाले विकास कुशवाहा और भाजपा और अन्य दलों को जोरदार टक्कर देने वाले अपने



समाज के जोरदार प्रत्याशी सभी दलों के दांत खट्टे करने वाले गजराज कुशवाहा वार्ड नंबर 1 से जिन्होंने भाजपा एवं अन्य दलों को जोरदार टक्कर देकर 1134 मत हासिल किए और अन्य प्रत्याशियों को लाइन में नहीं आने दिया ऐसे प्रत्याशियों का भी रवि कुशवाह जी ने स्वागत किया हालांकि गजराज कुशवाहा जी दूसरा स्थान प्राप्त कर सके इसके बावजूद भी उनकी चर्चाएं पूरे शहर में है इसी बीच वार्ड नंबर 8 से भाजपा एवं अन्य दलों के पार्षद प्रत्याशियों को हिला कर रख देने वाले प्रत्याशी पत्रकार अनिल कुशवाहा जिन्होंने सभी दलों के प्रत्याशियों की रातों की नींद खराब कर दी जिन्होंने अपनी चुनाव चिन्ह जीप को लगातार चलने दिया बंद नहीं होने दिया ऐसे प्रत्याशियों का भी अखिल भारतीय कुशवाह महासभा के युवा जिला महामंत्री ने स्वागत कर सब को माला पहनाकर और शॉल श्रीफल भेंट कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया और आने वाले भविष्य में सभी लोगों के लिए सुंदर भविष्य बनाने की शुभकामनाएं दी

## दबंग पड़ोसी ने विवादित जमीन पर कब्जा कर शुरू किया जबरन निर्माण

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** –पिछोर तहसील के थाना भौति क्षेत्र के केढ़ल निवासी कौशिल्या /जसरथ ने कुछ साल पहले मकान के लिए भौति में प्लॉट लिया जिसकी सर्वे क्रमांक 749/1रकवा 0.610 हेक. जो 15म15 का प्लाट है जो 750 वर्ग फुट है इस प्लॉट को कौशल्या पत्नी दशरथ लोधी ने खरीदा था जिस पर दबंग सुरेश भदौरिया जबरन कौशिल्या की जमीन पर दीवार निर्माण शुरू कर दिया कार्य जबरन घेराबंदी कर मकान बना रहे हैं।




वहीं, वृद्ध महिला ने बताया कि पहले भी इसी प्रकार मेरे प्लॉट पर दीवार निर्माण शुरू कर दिया था जब माननीय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश महोदय पिछोर द्वारा आदेश दिया गया था की प्लाट पर सुरेश भदौरिया टीन लगाकर जो निर्माण कार्य कर रहा है उसे तुरंत रोका जाए लेकिन उक्त अभियुक्त सरकारी आदेशों का खुलेआम उल्लंघन कर जबरन जमीन पर मकान बना रहा हैं फिर से आज भौति थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आगे पीड़ित परिवारों ने बताया उक्त अभियुक्त काफी दबंग है, दबंगों से मिल रही धमकियों से पूरा परिवार दहशत में है।

## यूथ महापंचायत 2022 का अम्बाह पी. जी. कालेज में भोपाल से सीधा प्रसारण

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

मध्य प्रदेश के वीर सपूत चंद्रशेखर आजाद की 116 वी जयंती के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा भोपाल में 23-24 जुलाई को आयोजित होने वाली यूथ महापंचायत में आज दिनांक 23/7/2022 को भोपाल से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण अम्बाह महाविद्यालय के लेक्चर थियेटर में किया गया। पूर्व नियोजित व्यवस्थानुसार इस कार्यक्रम को देखने और सुनने के लिए एन. सी. सी. कैडेट, एवं एन. एस. एस. के स्वयं सेवकों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में अन्य विद्यार्थी तथा महाविद्यालय के आचार्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रसारण समिति के संयोजन की जिम्मेदारी मेजर डा. व्ही. के. जैन को दी गई। कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर एवं मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने युवाओं को आशीर्वाद देते हुए उनको भविष्य में सफल होने की शुभकामनाएं दी तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी भी दी। उल्लेखनीय है कि यूथ महापंचायत 2022 हेतु महाविद्यालय से 4 युवाओं का चयन शासकीय कन्या अग्रणी महा विद्यालय मुरैना में आयोजित जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया द्वारा हुआ था और ये समस्त विद्यार्थी आज भोपाल में होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित रहे।




## कलिजीवो के कल्याण का साधन है श्रीमद् भागवत कथाः आचार्य श्री रामानुज युवराज पांडे

**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ**

**छत्तीसगढ।** ग्राम अमलीपदर में चल रहे तिवारी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ में कथावाचक आचार्य पंडित रामानुज यूवराज पांडेय जीने कलिजीवो के उद्धार का कारण उपाय श्रीमद्भागवत को बताया पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार से कथा आरंभ हुआ है जोकि 26।7 ।22 दिन मंगलवार तक चलेगी कथा प्रसंग से आचार्य जी के मुख से गृह ग्राम एवं समस्त क्षेत्रवासी बड़े प्रसन्न हैं एवं बड़े भाव विभोर से तथा श्रवण कर रहे हैं प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है एवं मुख्य यजमान धनेश्वर तिवारी एवं श्रीमती हिरोन्दी तिवारी आचार्य जी के मुख से कथा रसपान करके भक्तिमय में हो रहे हैं आचार्य जी द्वारा गाए गए शास्त्री संगीत लोक संगीत उड़िया संगीत तीनों के त्रिवेणी संगम से गांव पूरा भक्ति के रस में ओतप्रोत हो रहे हैं आचार्य जी के संस्कृत पाठ एवं बोलने की शैली को देख कर के ग्राम अमलीपदर के सभी लोग हैरान




रहते हैं क्योंकि आचार्य जी का जन्म स्थान ग्राम अमलीपदर में हुआ और उनका पढ़ाई खेलना कूदना यही बड़े हुए फिर समझ पाना कठिन है कि इतनी ज्ञान कैसे आया यह कहना मुश्किल है कथा के दरमियान आचार्य जी ने अनेक प्रकार के पुराण वेद शास्त्र उपनिषदों बहुत सारे रामायणों की कथाओं का वर्णन किया आज के कथा प्रसंग में आचार्य जी ने भगवान श्री राम कथा एवं श्री कृष्ण जन्म का वर्णन किया और बताएं कि जब-जब धर्म में ग्लानी उत्पन्न होता है और अधर्म का साम्राज्य बढ़ता है तब तक परमात्मा किसी ना किसी स्वरूप में इस भूमि पर अवतरण लेते हैं और अधर्म का विनाश कर धर्म की रक्षा करते हैं और परमधाम को गमन करते हैं आपको ज्ञात हो कि आचार्य जी को भागवत भास्कर, मानस मार्तंड, मानस मर्मज्ञ ,धर्मसिंधु उपाधि मिला है आचार्य जी ने अपने नाम के आगे और पीछे केवल श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर ही लिखवाते आते हैं एवं किसी प्रकार से भी उपाधि का प्रयोग अपने नाम में नहीं करते प्रेस वार्ता में आचार्य जी से जब पूछा गया तब आचार्य जी ने बताया कि उनका अपना परिचय श्री जगन्नाथ जी के अलावा और कुछ भी नहीं हैं श्री जगन्नाथ मंदिर ही उनका सर्वस्व हैं जगन्नाथ मंदिर के दास, भिखारी इन्हीं उपाधि के अतिरिक्त अपने नाम के पीछे और कोई उपाधि नहीं लगाना चाहते आचार्य ने बताया कि अपना परिचय दुनिया को महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी के सिंहद्वार के भिखारी के अलावा उनके लिए गौरव की उपाधि और कुछ भी नहीं है इस प्रकार श्रीमद् भागवत कथा निज गृह ग्राम में चतुर्थ बार हुआ है और संजोग की बात यह है आचार्य जी का प्रथम भागवत और 100 भागवत निजी ग्राम में ही पूर्ण हुआ है आचार्य जी का वर्तमान में चल रही भागवत 122 भागवत है निज ग्रह ग्राम में चल रहे है ग्राम वासी भक्ति में मगन होकर के श्रद्धा एवं भक्ति के साथ कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं एवं प्रतिदिन कथा स्थल में पहुंच रहे हैं।

## कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से सुने, जन समस्या निवारण शिविर में मिले कुल 623 आवेदन. मिले..

### कई महीनों के बाद से देवभोग विकासखंड में हुआ है जन समस्या निवारण शिविर...

### कलेक्टर को अपनी समस्या बताने पहुँचे सैकड़ों ग्रामीण..ज.

### ग्राम पंचायत स्तर पर ही राशन कार्ड की समस्या को प्राथमिकता से हल करने को दिए दिशा निर्देश....



**देवभोग ।** गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखंड में हाई स्कूल परिसर में विगत कई महीनों के बाद से जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का शनिवार में आयोजन किया गया ।रिमझिम बारिश के होने के बाद भी ग्रामीणों ने शिविर में अपने समस्याओं को अवगत करने जिला जन समस्या निवारण शिविर में पहुंचे ।और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को अवगत कराने शिविर पहुंचे। ग्रामीणों की सुविधाओं के लिए जनपद स्तर पर सचिवो की तैनाती की गई थी ।ताकि कोई भी ग्रामीण को आवेदन लिखने व देने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। और आसानी से वे अपने आवेदन दे पाए ।हालांकि कलेक्टर ने रिमझिम बारिश के चलते निर्धारित समय से थोड़ी देर के बाद शिविर में पहुंचे। लेकिन अलग-अलग विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने स्टाल लगाकर आवेदनों का संकलन कर पंजीयन कर रहे थे। प्रत्येक विभाग ने अपना-अपना स्टाल लगाकर ग्रामीणों के आवेदन को संकलन कर उनका पंजीयन विधिवत कर रहे थे ।कलेक्टर प्रभात मलिक ने अफसरों से कहा कि जितने भी आवेदन व मांग पत्र शिविर में प्राप्त हुआ है सभी को गंभीरता से समाधान करें। व कलेक्टर प्रभात मलिक ने ग्रामीणों के समस्याओं को बारी बारी से सुनी इस मौके पर गरियाबंद पुलिस अधीक्षक जे आर ठाकुर ,जिला पंचायत सीओ रुक्मिा यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर ,उपाध्यक्ष संजय नेताम ,फारेस्ट एस डी ओ देवभोग एस डी एम टी आर देवांगन, जनपद सीओ एम एल मंडावी आदि सभी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

**शिविर में लगाया गया बूस्टर डोज....:** जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रिकॉशन डोज भी लगाया गया। व निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप कर निशुल्क दवाइयां वितरण की गई। समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग ,महिला बाल विकास, कृषि विभाग ,जल संसाधन विभाग ,उद्यानिकी विभाग, शिक्षा विभाग व पीएचई विभाग द्वारा भी स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

**कुल शिविर में 623 आवेदन प्राप्त हुए....:** कलेक्टर जन समस्या निवारण शिविर में कुल 623 आवेदन को पंजीयन किया गया। जिसमें से मांग के लिए 592 आवेदन प्राप्त हुए व शिकायत के 31 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर प्रभात मलिक ने स्वयं आवेदन को गंभीरता से लेकर समाधान करते हुए आवेदनों की समस्या सुनी व अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदन को त्वरित निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

**जन समस्या निवारण शिविर शिविर में बैलाटी नाला बना रोड़ा....:** जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में बेलाटी नाला में पानी भर जाने के चलते करीब 20 से 25 गांव के ग्रामीण शिविर में पहुंच नहीं पाए। क्योंकि बेलाटी नाला में बरसात मे पानी भर जाता है ।जिसके चलते नदी इस बार के करीब 20 से 25 गांव के ग्रामीणों को समस्या होती है। इसी के चलते नदी उस पार के ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने यह मांग की है कि नदी उस पार और एक शिविर का आयोजन किया जाए। ताकि जन समस्या निवारण में नहीं पहुंचे नदी उस पार के ग्रामीणों को अपनी समस्या जिला के मुखिया को अवगत करा सकें।



## अचानक मकान ढहने से बाल बाल बचा परिवार

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** –नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक सात इस्लामपुरा में एक मकान अचानक से ढह गया जिसमें पूरा परिवार बाल-बाल बच गया सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजेश शासन कर एवं राजस्व विभाग की टीम पटवारी सत्य प्रकाश सोनी सहित मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 7 निवासी असलम खान अपने घर पर ही थे तभी लगभग 4 बजे अचानक से मकान की दीवार से ईंट गिरी जो कमरे में टीवी सीरियल देख रहे असलम के बेटे ईशान के पैर में लगी तो वह घबराकर बाहर निकल आया उसी समय पूरा कमरा थरथरा कर अचानक गिर पड़ा जिससे कमरे में रखा घर गृहस्थी का पूरा सामान नष्ट हो गया गनीमत रही कि उस समय वारिस नहीं हो रही थी जिससे सभी परिवार के लोग खुले में कंमरे के बाहर बैठे थे ईंट गिरते ही लड़का ईशान भी बाहर भाग गया जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि होने से बच गई लेकिन घर गृहस्थी का पूरा सामान नष्ट हो गया प्रशासन को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजेश सातनकर एवं राजस्व विभाग की टीम पटवारी सत्यप्रकाश सोनी सहित मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया

# द्रोपदी मुर्मू का राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित होना नारी शक्ति, जनजाति समाज के लिए अत्यंत गौरव का पल : संध्या राय

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं भिण्ड-दतिया लोकसभा सांसद संध्या राय ने प्रथम आदिवासी महिला राष्ट्रपति के पद पर निर्वाचित द्रोपति मुर्मू के निवास स्थान पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उन्हें गुलदस्ता देकर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं के साथ उनका सम्मान किया भाजपा सांसद संध्या राय ने कहा कि श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित होना नारी शक्ति, जनजातीय समाज के साथ जन जन के लिए अत्यंत गौरव का पल है ।उनके नेतृत्व में भारत विकास की ओर बढ़ेगा और उनके अनुभव हम सब के लिए प्रेरणादायक बनकर गरीब और मजदूरों के विकास के लिए समर्पित रहेंगे भाजपा सांसद संध्या राय ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के लिए आज ऐतिहासिक दिन है देश में पहली बार एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर आसीन होने का अवसर मिला है । आजादी के अमृत महोत्सव काल में जनजातीय समाज की महिला का सर्वोच्च पद तक पहुंचना देश के असली नायकों का बहुत बड़ा सम्मान सम्मान माना जाएगा । कांग्रेस की सरकारों में किसी भी आदिवासी समाज से जुड़े पुरुष या महिला को संविधान के शीर्ष पद पर आज तक किसी को मौका नहीं मिला । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज में यह इतिहास रचा गया है कि आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनीं । हमारी विचारधारा में सबका साथ सबका विश्वास और सबका साथ परंपरा रही है और यह निर्णय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और उनके अंत्योदय की विचारधारा से ही द्रोपति मुर्मू को आज देश के सर्वोच्च पद पर बैठाकर अंतिम छोर तक के व्यक्ति को संविधान का इतना बड़ा दर्जा दिया गया है उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन को राजनीतिक जरिए से देखा जाए तो भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में एनडीए ने बड़ी राजनीतिक सफलता प्राप्त की हैद्य उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज परिश्रमी, इमानदार होता है, आदिवासियों के नाम पर कांग्रेस ने हमेशा राजनीति की और उनके विकास की कोई चिंता नहीं की उन्होंने कहा कि कि राष्ट्रपति के निर्वाचन में सभी विपक्षी दलों को एक साथ होना चाहिए था लेकिन कांग्रेस ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रोपति मुर्मू का समर्थन ना देकर अपनी आदिवासी विरोधी छवि को प्रदर्शित किया है और इसे प्रमाणित हो गया कि एक तरफ कांग्रेस आदिवासियों की हितैषी बनना चाह रही है और दूसरी तरफ आदिवासी महिला जो इस देश के राष्ट्रपति के पद पर बैठ रही है उनका उन्होंने विरोध कर आदिवासी विरोधी चेहरा जनता के सामने ला दिया है ।



## भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के नेतृत्व में किसानों की समस्या को लेकर दीया धरना प्रदर्शन

**अश्वनी अवस्थी ब्यूरो चीफ**

**छत्तीसगढ** मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम अमलीपदर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा ग्राम अमलीपदर सोसाइटी के सामने प्रदर्शन किया गया प्रदर्शन में किसानों की समस्या को लेकर नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष निर्भय सिंह ठाकुर ने बताया की कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेश सरकार जब से आई है तब से किसानों की समस्या बनी हुई है अपने किए गए वादों को पूरा करने में समर्थ कांग्रेस के कारण आज पूरे प्रदेश में किसानों की समस्या यह बनी हुई है कि किसान के पास पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है क्योंकि आज के दरमियान में किसान रोपाई बुवाई का समय है और इस समय उन्हें खाद उपलब्ध नहीं हो रहा है किसानों के हित के बात करने वाला भूपेश सरकार आज किसान को परेशान कर रहे हैं आज व्यापारियों के पास गोदाम गोदामों में भारी मात्रा में खाद उपलब्ध है किंतु सोसाइटी में नहीं और किसानों व्यापारियों के पास से दोगुना रेट में खरीद रहे हैं जिससे किसानों की कमर टूट रही है वही बोधन नायक जी ने बताया कि भाजपा के 15 वर्षीय शासन में इस प्रकार से कभी भी किसानों को समस्या नहीं रही लेकिन कांग्रेस के राज में किसानों को बहुत ही तकलीफ होती है इसके कारण किसानों की आर्थिक शोषण किया जा रहा है इसीलिए प्रदेश सरकार अपने किए गए वादों को पूरा करें एवं पर्याप्त मात्रा में किसानों को खाद उपलब्ध करवाएं ताकि किसानों को उचित समय में उचित लाभ मिल सके इस कार्यक्रम में सफल बनाने हेतु किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्षनिर्भय जी ठाकुर किसान मोर्चा सह मीडिया प्रभारी अश्वनी अवस्थी , किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यबोधन नायक, जिला सहकारी प्रकोष्ठ संजय दुबे, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनीष सिंहा ,अविनाश भोसले , किसान मोर्चा मंडल अध्यक्षजय अवस्थी, बुधराम पांडे मनोहर ताम्रकार अख्तर मेमन उग्रसेन बघेल लक्ष्मण यादव लक्ष्मण साहू एनजीओ प्रकोष्ठ मीडिया प्रभारी कृष्ण कांत त्रिपाठी, चिकित्सा मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार नागेश एवं सभी कर्मठ कार्यकर्ता उपस्थित हुए




## डेढ़ सौ फुट नीचे गिरा गाय का बछड़ा

**हरिओम चतुर्वेदी पुष्पांजली टुडे**

**दिनारा।** दिनारा कस्बे के तूर मोदी स्कूल के पास ताल के ऊपर बंदे बांध से एक गाय का बछड़ा गिर गया जिसकी ऊंचाई डेढ़ सौ फोट बताई जा रही है। बछड़ा गिरने से उसकी रीड की हड्डी टूट गई है मनोज झा ने बताया गोसेवा अध्यक्ष कल्लू महाराज के फोन पर दी जानकारी तत्काल प्रभाव से कल्लू महाराज दवाइयां लेकर बछड़े के पास पहुंचे और उसका उपचार शुरू किया उस बछड़े के लिए बगल में स्टैंड बना कर उसे बैठाने की प्रक्रिया शुरू कर दी इसी मौका पर ढेर सारे ग्रुप सेवक सहयोग करने के लिए मुझे। मौके पर पहुंचे। दीपक तिवारी विक्की तिवारी प्रदुम योगी मनोज झा मयूर साहू दीपेश केवट आदि मौजूद थे।



## रोटरी क्लब बन्नूर की नई कारिकारिणी का गठन



**सलाहकार बने डॉ महेंद्र सिंह राजपुरोहित**

**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरु** ाोटरी क्लब बनूर के तत्वावधान में बैठक रखी गई द्य जिसमें नई कमेटी का गठन किया गया द्य सर्वसहमति से अध्यक्ष पद पर बी.ए.नागराज,उपाध्यक्ष वैंकटेश प्रसाद बी.के.,सचिव कैम्पे गौड़ा,सलाहकार महेन्द्र सिंह राजपुरोहित को मनोनीत किया गया द्य भावी गवर्नर एच.आर. कैशव द्वारा सभी नये पदाधिकारीयो को रोटरी क्लब चिह्न दिए गए द्य इस अवसर पर रोटरी क्लब बनूर के पूर्व अध्यक्ष टी.वासूदेव,पूर्व सचिव राजेन्द्र, सदस्य रामचंद्र,योगेन्द्रा ,सुरेश, गवरी देवी ,राजेश सिंह,माणिकचंद सीरवी आदि उपस्थित रहे

## विधायक डॉ. सिकरवार ने जाम खुलवाया एवं ढांढस बंधाया और आर्थिक मदद की




**ग्वालियर।** विधायक डॉ. सतीष सिकरवार आज जाम लगाकर सड़क पर बैठे लोगों के बीच पहुंचे और कहा कि हम आपके दुखः में साथ हैं। चर्चा कर जाम खुलवाया और ढांढस बंधाया। साथ ही आर्थिक मदद की।

## आगरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मेंगो डे



**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**आगरा ।** मैंगो डे के अवसर पर कस्बा शमसाबाद स्थित विश्व भारती पब्लिक स्कूल मैं आम बनकर पहुंचे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ मैंगो डे मनाया और साथ ही बच्चो के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तो वही स्कूल प्रबंधक हरीश तोमर द्वारा आम का महत्व बताते हुए आम के स्वाद व आम की विभिन्न नस्लों के बारे में जानकारी दी वही बच्चे व अध्यापक हरे व पीले रंग के पोशाक में स्कूल में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सह प्रबंधक सुधीर तोमर,सतीश, विनीता गुप्ता, मानपाल,दिव्या, ऋषि ,रामू तोमर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने खनिज निरीक्षक को निलंबित किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस द्वारा ग्राम पर्रायंच तहसील मिहोना सिंध नदी के किनारे प्रतिबंधित आदेश के बाबजूद भी रेत उत्खनन किए जाने के मामले को संज्ञान में लेते हुए राकेश देशमुख खनिज निरीक्षक को निलंबित कर खनिज निरीक्षक का कार्य संजय धाकड़ सर्वेयर खनिज विभाग भिण्ड सौंपा गया है।

## सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली में याचिका खारिज, नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी राकेश गिरि गोस्वामी के जाति प्रमाण पत्र का मामला

**टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी गोस्वामी की पत्नी नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी राकेश गिरि गोस्वामी.!!**

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़।** बुंदेलखंड की प्रभावशाली जन नेत्री, टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक राकेश गिरी गोस्वामी की पत्नी नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी राकेश गिरि गोस्वामी के जाति प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट से मामला खारिज होने के बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के आदेश पर मुहर लगाते हुए याचिका निरस्त कर दी है। कांग्रेस नेता मीना लक्ष्मण रैकवार के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की गई थी। जिसे शुक्रवार 22 जुलाई को उच्चतम न्यायालय ने खारिज कर दिया हैद्ध इस तरह पूर्व नपाध्यक्ष लक्ष्मी गिरि के जाति प्रमाण पत्र को लेकर सारे विवाद खत्म हो गए हैं। अधिवक्ता सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी राकेश गिरि गोस्वामी के पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्र को फर्जी बताते हुए कांग्रेस नेता रैकवार के द्वारा शिकायत की गई थी। इस मामले में एफआईआर होने के बाद हाईकोर्ट से पहले एफआईआर की कार्यवाई पर स्टे दिया गया। फिर सुनवाई के दौरान जाति प्रमाण पत्र को सही करार देते हुए मामले को खारिज किया गया था। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मीना रैकवार के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए 22 अगस्त शुक्रवार को माननीय उच्चतम न्यायालय ने मामले को खारिज कर दिया है।



### सत्य की जीत -लक्ष्मी गिरि

नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी राकेश गिरि गोस्वामी ने इसे सत्य की जीत बताया है। उनका कहना था कि राजनीतिक विद्वेष के चलते उन्हें और उनके परिवार को जबरन निशाना बनाकर परेशान किया जा रहा था। न्यायालय के द्वारा उनके साथ न्याय किया गया है द्य

## शौचालय के नाम पर आवंटित राशि को डकार गए ठेकेदार

**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**श्योपुर** - श्योपुर जिले की तहसील विजयपुर में एक नया मामला सामने आया है अपने अजब गजब कारनामों के लिए विख्यात जनपद पंचायत विजयपुर में एक और नया मामला प्रकाश में आया है जिसमें हितग्राही को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को भी बिल्डिंग मटेरियल विक्रेता हजम कर गए है। भाजपा मंडल विजयपुर की उपाध्यक्ष श्रीमती ममता गर्ग ने आरोप लगाया है कि विजयपुर नगर के सेमई रोड़ पर स्थित कैलादेवी ट्रेडर्स के संचालक द्वारा शौचालय निर्माण हेतु मिलने वाली शासकीय प्रोत्साहन राशि को अपने खाता क्रमांक 2764002100001067 इनका कहना है पंजाब नेशनल बैंक विजयपुर में जमा कर शासकीय धन का गबन किया है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत शासन के यह निर्देश है कि पात्र हितग्राही द्वारा शौचालय निर्माण करवाने के पश्चात प्रोत्साहन राशि रूपये 12000 (बारह हजार) सम्बन्धित हितग्राही के खाते में पालन न करते हुए प्रोत्साहन राशि कैलादेवी ट्रेडर्स के संचालक के बैंक खाते में किस आधार पर जमा करायी गई है? मैने पंचायत दर्पण से कुछ बिल निकाले जिनमें मुझे यह अनियमितता देखने को मिली यह तो एक नमूना मात्र है। अगर इनके द्वारा योजना के शुरू होने के बाद से प्रस्तुत किए गए बिलों का अवलोकन कराया जाया तो इस प्रकार के और मी बिल मिलने की संभावना है। यह मामला शासकीय धन का गबन होकर गंभीर वित्तीय अपराध की परिधि में आता है। शौचालय की प्रोत्साहन राशि हितग्राहियों को ना देते हुए दुकानदार ने अपने खाते में डाली मैंने इसकी शिकायत जनपद सीईओ विजयपुर एवं कलेक्टर जमा की जाये किन्तु आपके कार्यालय द्वारा उक्त नियम का श्योपुर से की है।




# जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं उप सरपंच के निर्वाचन के लिए अधिकारियों को दिए गए निर्देश

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायतों के उपसरपंच के निर्वाचन के लिए पंचायतों के सम्मिलन की तिथियां निर्धारित कर दी गई है । इसी परिप्रेक्ष्य में आज 23 जुलाई को कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं उपसरपंच के निर्वाचन संबंधी दिशा निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवगोविंद मरकाम भी उपस्थित थे एवं सभी एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे राज्य निर्वाचन आयोग निर्देशों के अनुरूप जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं ग्राम पंचायतों के उपसरपंच का निर्वाचन पूरी पारदर्शी प्रक्रिया के साथ संपन्न कराएं सभी अधिकारी इसके लिए आयोग के निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन कर लें। जनपद अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद उपाध्यक्ष के निर्वाचन में जनपद अध्यक्ष एक सदस्य के नाते मतदान कर सकता है। उप सरपंच के निर्वाचन में आरक्षण की प्रक्रिया स्पष्ट है, जहाँ पर सरपंच समान्य जाति का निर्वाचित है, उन पंचायत में उप सरपंच अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या ओबीसी प्रवर्ग का निर्वाचित होगा। परन्तु सरपंच अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या ओबीसी जाति का है तो उप सरपंच किसी भी प्रवर्ग का निर्वाचित हो सकता है।

जिले के 10 विकासखंड की 690 ग्राम पंचायतों में उप सरपंच के निर्वाचन के लिए सम्मिलन के आयोजन की तिथियां निर्धारित कर दी गई है। इसके साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अपने अनुविभाग के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों में उप सरपंच के निर्वाचन के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने सक्षम अधिकारी नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत के उप सरपंच के निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा नियुक्त पीठासीन अधिकारियों को 22 जुलाई को विकासखंड मुख्यालय पर संबंधित विकासखंड के मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है।

उप सरपंच के निर्वाचन के लिए प्रथम चरण में 24 जुलाई 2022 को जनपद पंचायत वारासिवनी की 60 ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत खैरलांजी की 62 ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत बैहर की 54 ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत परसवाड़ा की 57 ग्राम पंचायत में पीठासीन अधिकारी द्वारा सम्मिलन का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार द्वितीय चरण में 25 जुलाई 2022 को जनपद पंचायत किरनापुर की 83 ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत लांजी की 77 ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत कटंगी की 81 ग्राम पंचायत में उप सरपंच के निर्वाचन के लिए पीठासीन अधिकारी द्वारा सम्मिलन का आयोजन किया जायेगा। तृतीय चरण में 26 जुलाई 2022 को जनपद पंचायत बालाघाट की 77 ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत लालबर्रा की 77 ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत बिरसा की 62 ग्राम पंचायत में उप सरपंच के निर्वाचन के लिए पीठासीन अधिकारी द्वारा सम्मिलन का आयोजन किया जायेगा।

जनपद पंचायत बैहर, परसवाड़ा, वारासिवनी, खैरलांजी एवं लांजी में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए 27 जुलाई को सम्मिलन का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार जनपद पंचायत किरनापुर, कटंगी, बालाघाट, लालबर्रा एवं बिरसा में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए 28 जुलाई को सम्मिलन का आयोजन किया जायेगा। जनपद पंचायत बैहर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर को पीठासीन अधिकारी एवं तहसीलदार बैहर को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत परसवाड़ा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालाघाट को पीठासीन अधिकारी एवं तहसीलदार परसवाड़ा को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत वारासिवनी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी को पीठासीन अधिकारी एवं तहसीलदार वारासिवनी को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत खैरलांजी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटंगी को पीठासीन अधिकारी एवं तहसीलदार खैरलांजी को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत लांजी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी को पीठासीन अधिकारी एवं तहसीलदार लांजी को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत किरनापुर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व किरनापुर को पीठासीन अधिकारी एवं तहसीलदार किरनापुर को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत कटंगी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटंगी को पीठासीन अधिकारी एवं तहसीलदार कटंगी को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत बालाघाट के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालाघाट को पीठासीन अधिकारी एवं तहसीलदार बालाघाट को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत लालबर्रा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी को पीठासीन अधिकारी एवं तहसीलदार लालबर्रा को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत बिरसा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैहर को पीठासीन अधिकारी एवं तहसीलदार बिरसा को सहायक पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# हाथरस के पास दुःखद सड़क दुर्घटना में ग्वालियर के 6 युवाओं की मृत्यु



## पीड़ित परिवारों को 4 - 4 लाख रूपए की सहायता दी जायेगी

## रेडक्रॉस के माध्यम से 25 - 25 हजार रूपए की तत्काल सहायता

## अंत्येष्टि सहायता के लिये 5 - 5 हजार रूपए दिए गए

## हाथरस प्रशासन की ओर से भी एक - एक लाख रूपए की सहायता देने की कार्रवाई

ग्वालियर। हरिद्वार से काँवर लेकर लौट रहे ग्वालियर के युवकों की डम्पर से हुई टक्कर से 6 लोगों की मृत्यु हो गई एवं एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल का उपचार ग्वालियर के बिरला हॉस्पिटल में किया जा रहा है। इस दुःखद घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने प्रशासनिक अमले को बिरला अस्पताल एवं उनके गाँव भेजा। घटना में मृत हुए लोगों के परिजनों को 4 - 4 लाख रूपए की सहायता राशि दी जायेगी। साथ ही रेडक्रॉस समिति की ओर से 25 - 25 हजार रूपए की तत्काल सहायता राशि और 5 - 5 हजार रूपए की अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान कर दी गई है। जिला हाथरस प्रशासन द्वारा भी मृतकों के परिजनों को एक - एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता दिए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

ग्वालियर जिले की ग्राम पंचायत बहांगीखुर्द, जनपद पंचायत मुरार के निवासी श्री विकास पुत्र श्री प्रभुदयाल शर्मा उम्र-25 वर्ष, नरेश पुत्र रामनाथ उम्र 45 वर्ष, रमेश पुत्र नाथूराम बघेल उम्र 43 वर्ष, मनोज पुत्र मोहन सिंह बघेल उम्र 38 वर्ष, रनबीर पुत्र अमरसिंह उम्र 35 वर्ष, जबरसिंह पुत्र सुल्तान सिंह उम्र 35 वर्ष की दुर्घटना में मृत्यु हुई है एवं अभिषेक पुत्र बकील सिंह निवासी निबुआपुरा आगरा हॉस्पिटल से लाकर ग्वालियर बिरला हॉस्पिटल में उपराररत हैं।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजनों को 4 - 4 लाख रूपए की सहायता संबल योजना में दी जायेगी। इसके साथ ही तीन लोगों के नाम संबल में न होने पर 4 - 4 लाख रूपए की सहायता राशि का प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेजा गया है। मुख्यमंत्री की स्वीकृति के उपरांत सहायता राशि पीड़ित परिवार को प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही रेडक्रॉस सोसायटी ग्वालियर के माध्यम से 25 - 25 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। अंत्येष्टि सहायता के रूप में भी 5 - 5 हजार रूपए की राशि पीड़ित परिवार को प्रदान कर दी गई है।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने इस दुःखद घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को आश्वस्त किया है कि शासन और प्रशासन संकट की इस घड़ी में उनके साथ है। पीड़ित परिजनों को हर संभव सहयोग एवं सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। कलेक्टर श्री सिंह पीड़ित परिजनों से मिलने उनके निवास पर पहुँचे और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

### प्रभारी मंत्री ने दुःखद घटना पर शोक व्यक्त किया

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलते ही जिला कलेक्टर से दूरभाष पर चर्चा की और इस दुःखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित परिवार को आश्वस्त किया है कि शासन और प्रशासन पूरी तरह उनके साथ है। संकट की इस घड़ी में हर संभव सहायता और सहयोग प्रदान किया जायेगा।

### उद्यानिकी मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने गहरा शोक व्यक्त किया

प्रदेश के उद्यानिकी राज्य मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह ने सड़क दुर्घटना में ग्वालियर जिले के युवकों की हुई मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों को हर संभव सहायता एवं सहयोग देने की बात कही। उन्होंने जिला प्रशासन एवं शासन स्तर से भी चर्चा कर पीड़ित परिजनों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की बात की है।

### सांसद श्री शेजवलकर ने भी शोक व्यक्त किया

क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने सड़क दुर्घटना में ग्वालियर जिले के युवाओं की मृत्यु होने पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा कर संकट की घड़ी में हर संभव सहायता और सहयोग प्रदान करने की बात कही। इसके साथ ही अस्पताल में उपराररत युवक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने की बात कही। ताकि वह शीघ्र स्वस्थ होकर अपने घर जा सके।

# अपर आयुक्त ने भ्रमण कर देखी साफ सफाई व्यवस्था, गंदगी मिलने पर डब्ल्यूएचओ को शोकाज नोटिस जारी



ग्वालियर- निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा प्रतिदिन साफ सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के साथ कचरा ट्रांसफर स्टेशनों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। इसके साथ ही जहां गंदगी मिलती हैं वहां तुरंत संबंधित अधिकारी से साफ सफाई कराई जाती है।

अपर आयुक्त श्री गुर्जर ने केदारपुर प्लांट का निरीक्षण कर कचरा निस्तारण के संबंध में आवशयक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान वार्ड 52 में मुख्य मार्ग पर गंदगी मिलने पर वार्ड के डब्ल्यूएचओ श्री विद्याराम को शोकॉज नोटिस जारी कर एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। साथ ही निर्देशित किया कि मुख्य मार्गों पर गंदगी नहीं मिलना चाहिए।

इसके साथ ही अपर आयुक्त श्री गुर्जर ने वर्कशॉप प्रभारी श्री शैलेन्द्र सक्सेना, मदाखलत अधिकारी श्री शैलेंद्र सिंह चौहान, श्री सतेंद्र सिंह भदौरिया ने फूलबाग चौराहा स्थित मोती मस्जिद के सामने गंदगी मिलने पर कार्रवाई करते हुए गुमटी हटाने की कायर्वाही की गई। गुमटी वालो ने अपनी गुमटियो के सामने भारी गंदगी कर रखी थी जिसके बाद पहले जप्ती की गई और फिर दुकानदारो से ही सफाई कराई गई तथा जुर्माना भी वसूल किया गया।

साथ ही निगम के कार्यशाला प्रभारी श्री शैलेन्द्र सक्सेना ने कार्यशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान समय पर नही आने वाले कर्मचारियों को फटकार लगाई गई और सभी कार्यो को तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देष दिए गए।

# नारायण बिहार कॉलोनी में नाश्ते की कैंटीन संचालक को दबंगों ने मारपीट की



ग्वालियर । राजीव सिंह राजावत पुत्र लाखन सिंह राजावत निवासी गल्ला मंडी नारायण बिहार कॉलोनी में रहता हूं आज सुबह मैं अपने भाई बृजेश बहन सुनीता के साथ कैंटीन खोलने जा रहा था तभी तभी मुन्ना पंडित जी के दुकान के सामने मुझे कुछ लोगों ने घेर लिया और मुझे गंदी गंदी गाली देने लगे मैंने उनसे क्या भाई क्यों तुम मुझे गाली क्यों दे रहे हो उन लोगों ने मुझे लात घूंसे डंडों से पीटा और मेरी बहन को भी गंदी गंदी गाली दी।

### राहुल गुर्जर तनु गुर्जर अंशुल गुर्जर इन तीनों ने मुझे बुरी तरह पीटा

अपने घर से अपनी कैंटीन के लिए कंडे लेकर जा रहा था तभी रास्ते में मुझे इन लोगों ने मुझे घेर लिया पीटा जब मैं अपनी बहन और मां के साथ थाने जाकर इनके विरोध रिपोर्ट लिखवा कर आया।

# प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट कॉलेज द्वारा डिवाईडर पर स्थापित विद्युत पोलों पर लगाए गए 126 अवैध क्योस्क आज हटाए, सात दिवस में जमा नहीं की जुर्माने की राशि तो होगी कार्रवाई

ग्वालियर। नगर निगम ग्वालियर की विज्ञापन शाखा द्वारा डायरेक्टर, प्रस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च कॉलेज एयर पोर्ट रोड ग्वालियर द्वारा डिवाईडर पर स्थापित विद्युत पोलों पर बिना अनुमति के अवैध रूप से क्योस्क लगाकर विज्ञापन किये जाने पर 18 लाख 14 हजार 400 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया है। जिसको लेकर आज शनिवार को प्रेस्टीज कॉलेज प्रबंधन द्वारा आज लगभग 126 क्योस्क हटा लिए गए हैं।

सहायक नोडल अधिकारी विज्ञापन श्री संदीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता एवं उपायुक्त श्री सुनील चौहान एवं नोडल अधिकारी श्री केशव चौहान के निर्देशन में राजस्व वसूली के लिये निरंतर अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत विगत दिवस डायरेक्टर, प्रस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च कॉलेज एयर पोर्ट रोड ग्वालियर द्वारा स्टेशन चैराहा पोस्ट ऑफिस से गोले का मंदिर चौराहा तक डिवाईडर पर स्थापित विद्युत पोलों बिना अनुमति के क्योस्क लगाकर विज्ञापन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश आउट डोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के नियम 22 के अंतर्गत अपराध कारित करने की श्रेणी में आता है। अतः डायरेक्टर, प्रस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड रिसर्च कॉलेज एयर पोर्ट रोड ग्वालियर पर 18 लाख 14 हजार 400 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया था इसको लेकर आज संबंधित कॉलेज संस्थान द्वारा अपने क्योस्क हटा लिए गए हैं तथा उक्त जुर्माने की राशि उनके द्वारा सात दिवस में जमा नहीं की जाती है। तो 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी वसूल किया जाएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### शहर की विभिन्न सडकों पर किया सडक संधारण का कार्य

ग्वालियर - बरसात के कारण सडक में हुए गड्ढों को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा सडक संधारण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी के तहत आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न सड़कों पर सडक संधारण का कार्य किया गया। सहायक यंत्री पेच रिपेयरिंग शाखा श्री रोहित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि शहर के नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात के लिये, शहर के मुख्य सड़कों के गड्ढों को तेजी से भरने के लिए सडक संधारण का काम तेजी से किया जाए। निगमायुक्त श्री कन्याल के निर्देश के क्रम में आज शनिवार को वार्ड क्रमांक 19 में गंगा विहार में मुरम डाल कर गड्ढे भरे गए, इसके साथ ही महाराजपुरा गेट के अंदर नाला के पास, लक्ष्मीगंज मरघट के पास, निम्माजी की खोह में, चावडी बाजार, वार्ड 61 में कृष्णा कॉलोनी, सराफा से दौलत मोदी वाली गली में, जम्हार गांव में, आदित्यपुरम में स्कूल के पास, दीनदयाल नगर, सूर्य नमस्कार से मृगनयनी गार्डन तक, गजराजा स्कूल खासकी बाजार रोड पर, मोहते गार्डन के पास नाला किनाने, शब्द प्रताप आश्रम रोड पर, ए ब्लॉक आनंद नगर रोड पर मुरम डालकर गड्ढों को भरा गया साथ ही शहर के अन्य क्षेत्रों में सडक संधारण का कार्य भी किया गया।

### अहंकारी हमेशा सिर की ओर बैठता है विनम्र चरणों की ओर झुकता हैः मुनिश्री

**मुनिश्री के मंगल प्रवचन माधवगंज स्थित चतुर्मास स्थल अशियाना भवन पर चल रहे है।**



ग्वालियर। अहंकारी व्यक्ति हमेशा सिर की ओर बैठता है, जबकि विनम्र व्यक्ति चरणों की ओर झुकता है। जीत जब भी होगी धर्म की होगी, विनम्रता की होगी। जिसके सिर पर अहंकार भूत सवार होता है वह किसी से कुछ भी मांगता है तो वह उसके सिर पर बैठ कर मांगता है। जो विनम्र होता है वह सामने वाले के चरणों में झुकता है। दुनिया में पहचान अहंकार से नहीं संस्कार से बनती है जिसके जीवन में संस्कार होते हैं वह दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना लिया करते हैं। यह विचार श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने आज शनिवार को साधनमय बर्षयोग समिति व मुख्य संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर के ओर से माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री ने कहा कि अदब सीखना है तो कलम से सीखो, जब भी चलती है तो सर झुका कर के चलती है। जिसके जीवन में नम्रता, कोमलता एवं गुणग्रहण की दृष्टि हुआ करती है वह अपने जीवन में बहुत आगे उन्नति कर लेता है। विनय के साथ विद्या प्राप्त होती है, धन प्राप्त होता है। वहीं जो व्यक्ति अहंकारी होता है वह भोजन में कंकड़ के समान होता है और जो व्यक्ति विनयवान होता है वह जीरा के समान होता है। कंकड़ से कुरकुरा भी किरकिरा हो जाता है और जीरा डालने से उसमें स्वाद और जायका बढ़ जाता है। इसलिए अपने जीवन में अहंकार को स्थान ना देते हुए विनय गुण ही स्थान दें, क्योंकि विनय के माध्यम से लोग आकर्षित होते हैं। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि साधनमय पावन बर्षयोग समिति व मुख्य सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर के तत्वावधान श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ससंघ के चातुर्मास कलश स्थापना कार्यक्रम 24 जुलाई को प्रातः दोपहर 1ः00 बजे से माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य आतिथि नवीन महापौर डॉ शौभा सिकरवार एवं विशिष्ट अतिथि विधायक सतीश सिकरवार होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्यश्री के चित्र का आवरण, दीप प्रज्वलन, मुनिश्री के पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट, संगीतमय गुरुपूजन, स्वागत नृत्य, श्रीफल भेंट एवं मुनिश्री के मंगल प्रवचन होंगे। कलश स्थापना कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए मुरैना, धौलपुर, आगरा, अम्बाह, भिंड, दिल्ली, डबरा आदि जगहों से गुरुभक्त पधारेंगे।

### विधायक डॉ. सिकरवार ने जाम खुलवाया एवं ढांढस बंधाया और आर्थिक मदद की



ग्वालियर। विधायक डॉ. सतीश सिकरवार आज जाम लगाकर सड़क पर बैठे लोगों के बीच पहुंचे और कहा कि हम आपके दुखः में साथ हैं। चर्चा कर जाम खुलवाया और ढांढस बंधाया। साथ ही आर्थिक मदद की।

### ग्वालियर रेंज अजाक पुलिस द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यषाला का हुआ समापन

**महिलाओं, बच्चों एवं कमजोर वर्गों के प्रति हमको और अधिक संवेदनषीलता बरतने की आवष्यकता हैः एडीजी ग्वालियर**

ग्वालियर। ग्वालियर रेंज अजाक पुलिस द्वारा आज दिनांक को सिटी सेंटर स्थित होटल न्यू लेंडमार्क एनएक्स में ''समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता'' विषय पर आयोजित एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। इस सेमीनार का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे मुख्य अतिथि अति0 पुलिस महानिदेषक ग्वालियर जोन श्री डी0 श्रीनिवास वर्मा,भापुसे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तद्उपरांत पुलिस अधीक्षक अजाक ग्वालियर रेंज श्री पंकज पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। इस सेमीनार में ग्वालियर रेंज के 50 से अधिक पुलिस अधिकारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडीजी ग्वालियर ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुलिस के प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता रवैया अपनाना चाहिये। थाने में अपनी फरियाद लेकर आने वाले फरियादी/पीड़ित के साथ आपको शालीनतापूर्वक व्यवहार करना चाहिये। षिकायत लेकर वाले व्यक्ति को अच्छे से बैठाकर उसकी बात को सुनना चाहिये और उसकी षिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजना चाहिये। इस प्रकार आप तत्कालिक लाभ पहुंचा सकते है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478